TRUE VALUE

MARUTI SUZUKI

इस धनतेरस,
हर सफर को समृद्धि से भरपूर बनाएं!

TRUE VALUE पर
अपनी कार को सरलता से खरीदें या बेचें

CELEBRATING
50 LAKH
HAPPY FAMILIES

Download on the App Store
Google play
यहाँ ऐप डाउनलोड करें।
छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

- ऐट–होम इवैल्यूएशन
- ऑन–टाइम पेमेंट
- आसान RC ट्रान्सफर
- 376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
- वेरिफाइड कार हिस्ट्री*
- 1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। निःशुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।

TRUE VALUE CERTIFIED

JAIPUR: CHITRAKOOT MARG, SATYA COLONY, TAGORE NAGAR, JAIPUR, AURIC MOTORS: 8690988784, 7688990784 | **SECTOR-35,PRATAP NAGAR,TONK ROAD,JAIPUR,** SANGA AUTONATION PVT LTD.: 9057809180, 7734909000, 7734901000 | **PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR,** VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | **E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR,** PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | **E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR,** KP AUTOMOTIVE: 9116190342, 9116190346 | **B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL,** KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | **A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR,** SATNAM MOTOCORP: 7413900007, 7413900009, 7821823626 | **13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR,** KTL: 7412068475, 9209056789.

राष्ट्रदूत
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
Rashtradoot
epaper.rashtradoot.com
जयपुर, सोमवार 21 अक्टूबर, 2024

विचार बिन्दु

सत्य से कीर्ति प्राप्त की जाती है और सहयोग से मित्र बनाए जाते हैं। –कौटिल्य अर्थशास्त्र

जब भी भूख से लड़ने कोई खड़ा हो जाता है, सुंदर दीखने लग जाता है!

जैसे-जैसे साल का यह समय नज़दीक आता है, मेरा दिल ज़ोर-ज़ोर से धड़कने लगता है। कुछ-कुछ वैसी ही हालत होती है जैसी परीक्षा परिणाम आने के ठीक पहले हुआ करती थी। इस साम्य से यह बात भी याद आ रही है कि परीक्षा देने के बाद हम घर पर बड़े गर्व से बताया करते थे कि हमने खूब पढ़ाई की है और पर्चे बहुत अच्छे हुए हैं, इसलिए इस बार तो हमारा क्लास को टॉप करना पक्का है। लेकिन जब परीक्षा परिणाम आता तो हमारे सारे दावे फ़ुस्स हो जाते। इसके बाद शुरू होता परीक्षकों को कोसने का सिलसिला। आजकल मास्टर लोग कॉपियां ढंग से जांचते ही कहां हैं? बहुत सम्भव है कि जिस दिन वे हमारी कॉपी जांच रहे थे उस दिन उनकी अपने घर वालों से लड़ाई हो गई हो और सारा ग़ुसा हम पर निकाल दिया हो।। और ऐसी ही अनेक बातें। लेकिन ये बातें अब क्यों कर रहा हूं?

हाल में कंसर्न वर्ल्डवाइड, जर्मनी की एक सहायता एजेंसी वेल्ट हंगर हिल्फ और यूरोप के अग्रणी अकादमिक संस्थान इंस्टीट्यूट फॉर इण्टरनेशनल लॉ ऑफ पीस एण्ड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट (IFHV) द्वारा एक सुविचारित प्रक्रिया के तहत तैयार की गई वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट (ग्लोबल हंगर इंडेक्स-जीएचआई) में जब यह बताया गया कि कुल 127 देशों की सूची में भारत का स्थान 105वां है, तो उपरोक्त प्रसंग अनायास याद आ गया। जब भी ऐसा कोई सर्वेक्षण या शोध या अध्ययन होता है और उसमें हमारा देश पिछड़ा हुआ पाया जाता है, हमारी सरकार या उसके समर्थक वह अध्ययन करने वालों की मंशा पर संदेह व्यक्त करते हुए उस अध्ययन को नकारते हैं। अगर सरकारी वक्तव्यों को एक साथ देखें तो लगता है जैसे सारी दुनिया हमारे विरुद्ध षड़यंत्र करने और हमें नीचा दिखाने में जुटी हुई है। हां, जब किसी सर्वेक्षण में या अन्यथा भी हमारी वाहवाही होती है तो हम ऐसा करने वालों की सराहना करते नहीं थकते हैं। मुझे यह बात भी बहुत रोचक लगती है कि हमारी सरकार के समर्थक यह कहते नहीं थकते हैं उनके नेता के नेतृत्व में पूरी दुनिया में देश का डंका बज रहा है, लेकिन वे यह नहीं बताते हैं कि उसी पूरी दुनिया से हमारी छवि को धूमिल करने वाली ऐसी रिपोर्ट्स क्यों और कैसे आती हैं? वैसे यह मानव स्वभाव ही है जिसे हमारे लोक में मीठा-मीठा गप्प और कड़वा-कड़वा थू कहा जाता है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स सन् 2006 से नियमित रूप से ज़ारी होता है और अपने 19वें साल की इस 2024 की रिपोर्ट में उसने कुल 136 देशों के डेटा का अध्ययन किया है। इस डेटा के अध्ययन के बाद इन संस्थाओं ने पाया कि इनमें से 127 देशों के 2019 से 202 तक के डेटा इतने मुकम्मिल हैं कि उनके आधार पर इनका वैश्विक भूख सूचकांक प्राप्त किया जा सकता है। शेष 9 देशों के पर्याप्त डेटा उपलब्ध नहीं थे, इसलिए उन्हें छोड़ दिया गया। यह सूचकांक प्राप्त करने के लिए जो डेटा प्रयुक्त किया गया उसकी विश्वसनीयता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रकाशित स्त्रोतों से लिया गया है। ये स्त्रोत हैं संयुक्त राष्ट्र संघ का खाद्य एवं कृषि संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ़, और संयुक्त राष्ट्र संघ का बाल मृत्यु आकलन विषयक अंतर-अभिकरण समूह। इनके अलावा विश्व बैंक, और जनसांख्यिकी और स्वास्थ्य सर्वेक्षण कार्यक्रम भी इसमें शामिल रहे।

यह सूचकांक चार मुख्य संकेतकों को मिलाकर तैयार किए गए एक फॉर्मूला के आधार पर भूख की बहु आयामी प्रकृति की पड़ताल करता है। ये चार मुख्य संकेतक हैं अल्पपोषण अर्थात अपर्याप्त कैलोरी प्राप्त कर सकना, पांच वर्ष से कम की आयु के वे बच्चे जो क्रॉनिक अल्पपोषण के शिकार हैं और इस कारण जिनकी लम्बाई उनकी उम्र के हिसाब से कम है, पांच वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिनका वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से कम है और जो अत्यधिक अल्पपोषण के शिकार हैं, और पांच वर्ष के कम आयु वाले बच्चों की बाल मृत्यु दर। इन चार संकेतकों के आधार पर प्रत्येक देश के लिए एक सौ बिंदु के पैमाने पर वैश्विक भूख सूचकांक की गणना की जाती है। शून्य स्कोर का आशय है जहां भूख शून्य है और जैसे-जैसे यह स्कोर बढ़ता जाता है, भूख की गम्भीरता प्रदर्शित होती है। दस बिंदु से कम वाले देश कम भूख वाले माने जाते हैं, 10 से 19.9 बिंदु तक वाले देश मध्यम भूख वाले, 20 से 34.9 बिंदु वाले देश गम्भीर भूख वाले, 35 से 49.9 वाले ख़तरनाक भूख वाले और 50 से ज़्यादा बिंदु वाले देश अत्यधिक खतरनाक भूख वाले देश माने जाते हैं। इस पैमाने पर हमारा देश सन् 2024 के सूचकांक में 27.3 बिन्दु (गम्भीर भूख) प्राप्त कर 105 वें स्थान पर है। इस गम्भीर भूख वर्ग में दुनिया के 42 देश शामिल हैं। यहीं यह बात भी ग़ौर तलब है कि इस सूचकांक के अनुसार हमने अपनी स्थित लगातार सुधारी है। सन 2000 में हमारे पास 38.4, 2008 में 35.2 और 2016 में 29.3 बिंदु थे। इस सूचकांक के अनुसार भारत की 13.7 प्रतिशत आबादी कुपोषित है। इसमें से पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चों की लम्बाई कम है, 18.7 प्रतिशत बच्चे कमज़ोर हैं और 2.9 प्रतिशत बच्चे अपने पांचवें जन्म दिन से पहले ही यह दुनिया छोड़ जाते हैं।

इस साल के सूचकांक में एक बहुत महत्व की बात यह कही गई है कि सारी दुनिया के लिए वैश्विक भूख सूचकांक 18.3 है, जिसे मॉडरेट अर्थात मध्यम भूख वाला माना जाता है। मतलब यह कि औसतन पूरी दुनिया ही भूख के लिहाज़ से संतोषजनक हालत में नहीं है। हम इस बात से बहुत खुश नहीं हो सकते कि 2016 की तुलना में, जब यह स्कोर 18.8 था, हम बहुत थोड़ा ही बेहतर कर सके हैं।

यह चर्चा बेमानी होगी कि इस सूचकांक में कौन-कौन से देश हमसे बेहतर और कौन कौन से देश बदतर स्थिति में हैं, हालांकि समाचार माध्यमों में इस तरह से भी चर्चा होती रहती है। मुझे लगता है कि इस तरह की चर्चा हमारा ध्यान भटकाती है। अरे, वह देश तो हमसे भी ज़्यादा बुरी स्थिति में है, फिर उसका स्कोर हमसे बेहतर कैसे हो सकता है? ज़रूर इस आकलन में कोई गड़बड़ हुई है। इसलिए वह बात न की जाए तो अच्छा होगा।

इसकी बजाय मैं एक अन्य मुद्दे पर बात करना ज़रूरी समझ रहा हूं। इस साल के सूचकांक में एक बहुत महत्व की बात यह कही गई है कि सारी दुनिया के लिए वैश्विक भूख सूचकांक 18.3 है, जिसे मॉडरेट अर्थात मध्यम भूख वाला माना जाता है। मतलब यह कि औसतन पूरी दुनिया ही भूख के लिहाज़ से संतोषजनक हालत में नहीं है। हम इस बात से बहुत खुश नहीं हो सकते कि 2016 की तुलना में, जब यह स्कोर 18.8 था, हम बहुत थोड़ा ही बेहतर कर सके हैं। इस सूचकांक में बहुत व्यथा के साथ यह बात कही गई है कि सन् 2030 तक पूरी दुनिया को भूख मुक्त कर देने का जो लक्ष सामने रखा गया था, वह अब पूरा होता नज़र नहीं आ रहा है। असल में इस सूचकांक में तो और गम्भीर और हताश कर देने वाली बात कही गई है, और वह यह कि वर्तमान रुझान को देखते हुए सन् 2160 तक अर्थात लगभग सवा सौ साल के बाद भी दुनिया कम भूख वाली स्थिति में ही आ सकेगी। पूर्ण भूख मुक्ति तब भी नहीं हो सकेगी।

बात केवल भारत की ही नहीं है, सारी दुनिया की है। इस सूचकांक के साथ प्रकाशित सामग्री में इस बात की तरफ ध्यान आकर्षित किया गया है कि लैंगिक असमानता, खाद्य असुरक्षा और जलवायु परिवर्तन भूख के सबसे बड़े कारक हैं। यह बात भी ध्यातव्य है कि ये तीनों कारक परस्पर सम्बद्ध हैं। खाद्यअसुरक्षा और जलवायु परिवर्तन का सबसे ज़्यादा कुप्रभाव बच्चियों, लड़कियों और स्त्रियों पर पड़ता है। उन्हें हर तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है और इसका सीधा सर उनके पोषण पर पड़ता है।

इस सूचकांक में वर्तमान स्थिति को बदलने के लिए तीन बड़ी अनुशंसाएं की गई हैं। ये हैं: 1. पर्याप्त भोजन के अधिकार से सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून की जवाबदेही को सुदृढ़ किया जाए। सरकारें अपने विधिक दायित्व का निर्वहन करें, वे भोजन के अधिकार को सुनिश्चित करें और विभिन्न तरीकों से इसे प्रभावी करें। 2. भोजन व्यवस्था और जलवायु नीतियों और कार्यक्रमों में लैंगिक रूपांतरण विषयक सोच को प्रोत्साहित करें। इसके लिए विभिन्न मंचों पर महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। नीति निर्माता कानूनों और नीतियों के निर्माण व उन्हें लागू करने के मामलों में लैंगिक समानता पर ध्यान दें। 3. सरकारें अपने वित्तीय साधनों का इस तरह पुनर्नियोजन करें जिससे ढांचागत भेदभाव कम हो और स्थिति बेहतर हो।

मुझे लगता है कि बजाय इस तरह के आकलनों को नकारने के हमारा सारा बल इस बात पर होना चाहिए कि जैसे भी हो स्थिति बेहतर हो। असल में स्थिति को नकारना समस्या से आंख मूंद लेना है, और ऐसा करना किसी के भी हित में नहीं होगा। यह स्थिति मुझे सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की एक कविता 'भूख' की याद दिला रही है। कविता है– **जब भी/ भूख से लड़ने/ कोई खड़ा हो जाता है/ सुंदर दिखने लगता है।/ झपट्ता बाज़/ फन उठाएं सांप/ दो पैरों पर खड़ी/ कांटो से नन्हीं पत्तियां खाती बकरी,/ दबे पांव झाड़ियों में चलता चीता,/ डाल पर उल्टा लटक/ फल कुतरता तोता,/ या इन सब की जगह/ आदमी होता।/ जब भी/ भूख से लड़ने/ कोई खड़ा हो जाता है/ सुंदर दिखने लगता है।**

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

आज की महिला : मातृत्व का बोझ एवं भावनात्मक संघर्ष

डॉ. रामावतार शर्मा

मातृत्व एक महिला के लिए जीवन पलटनेवाला अनुभव होता है जिसमें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तनों की एक पूरी श्रृंखला होती है। यह सब सदा से होता रहा है पर अब बदलते समय के साथ मातृत्व की मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां तथा भावनात्मक मांगें अत्यधिक जटिल हो गई हैं। आज शहरी जीवन में एक विशेष किस्म की जीवनशैली उभर कर सामने आ गई है जिसमें सामाजिक जीवन नगण्य-सा होता जा रहा है तथा बड़ा पारिवारिक जीवन तो है ही नहीं। ऐसे में सामान्यतया हर युवती को मातृत्व का बोझ अकेले ही ढोना पड़ता है। प्रसवोत्तर काल के प्रारंभिक चंद सप्ताह तक सास या स्वयं की माता का थोड़ा बहुत सहारा मिलने के बाद बच्चे के लालन पालन का सारा भार माता पर ही आता है। यह एक विकट समस्या है जिसका निवारण फिलहाल सामने नजर नहीं आता है। भारतीय समाज में पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस (अभिघात जन्य तनाव) को लेकर कोई ज्यादा जन जागरूकता नहीं है इसलिए हम किसी कष्टमय स्थिति से गुजरने वाले व्यक्ति की मन:स्थिति को लेकर तर्कसंगत रूप से संवेदनशील नहीं हैं और यदि हों तो भी उस व्यक्ति को कुछ राहत देने में अधिक सक्षम नहीं है। प्रसव एक बड़े शारीरिक कष्ट और पीड़ा की स्थिति होती है जिसमें भावनात्मक स्तर पर भी एक महिला को अकेले ही जूझना पड़ता है। प्रसव पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस का एक महत्वपूर्ण कारण होता है।

कोई भी अल्पकालिक तनाव तो भागो या सामना करो के सिद्धांत पर टिका हुआ होता है तथा हमारा मन और शरीर उस बारे में संघर्ष करने को प्रकृति द्वारा सक्षम होता है परंतु यदि तनाव दीर्घकालिक हो जाए तो यह मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक स्वास्थ्य सभी के लिए हानिकारक होता है। आज की महिला एक कामकाजी व्यक्ति है। उसे घर संभालना है, बच्चों की परवरिश और शिक्षा पर ध्यान देना है, अपने कार्य क्षेत्र में टिके रहना और आगे बढ़ना है और परिवार के साथ सामंजस्य बनाए रखना है। इतने मोर्चों पर एक साथ तालमेल बिठाना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है जिसके बारे में उसे कभी भी प्रशिक्षित नहीं किया गया है। ऊपर से हमारे समाज में व्यावहारिक एवं व्यक्तिगत संवाद की बड़ी कमी है और अधिकतर मामलों में आलोचना और आरोप प्रत्यारोप का ही बोलबाला रहता है। ऊपर से मोबाइल फोन के दुरुपयोग से नव वधू हो या फिर वर्षों से विवाहित महिला हो, उसका अपने मायके से अत्यधिक संपर्क रहने लगा है। इसके फलस्वरूप उसका अपने ससुराल पक्ष से लगाव व जुड़ाव मजबूत नहीं हो पाता है। ऐसा होने के कारण घरों में हर समय तनाव की स्थिति बनी रहती है जो सभी के लिए हानिकारक है परंतु अहंकारवश कोई भी पक्ष संवाद के लिए तैयार नहीं होता है।

किसी भी तनाव पूर्ण स्थिति का मुकाबला करना और समाधान प्राप्त करना इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति विशेष की नजर में किसी रिश्ते की कीमत क्या है, उसमें आत्मविश्वास कितना है। इन बातों के अलावा व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक दृढ़ता का भी किसी स्थिति से निबटने में बड़ा महत्व होता है। ऐसा न होने की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति स्वयं भी एक तरह से सामने वाले को प्रताड़ित करने वाला बन जाता है और पूरा परिवार आपसी प्रताड़ना का विध्वंसकारी खेल खेलने लगता है जहां जीवन बड़ा कष्टकारी हो जाता है। ऐसा सब कुछ उन परिवारों में होता रहता है जो बाहरी तौर पर अच्छे खासे सुखी एवम् समृद्ध नजर आते हैं।

शोधकर्ताओं में इस बात पर भी सहमति नहीं बन पाई है कि एक बालक और बालिका का पालन पोषण अलग अलग तरीके से करना चाहिए या नहीं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका के डॉक्टर नीरव शाह के अनुसार सर्वाइवल (उत्तरजीविता), प्रसार (प्रोपेगेशन), प्रजनन और स्वयं के अस्तित्व के लिए नारी मस्तिष्क एवम् व्यवहार में कुछ जन्मजात विभिन्नताएं होती हैं इसलिए एक बालिका और एक बालक के पालन और प्रशिक्षण में अलग अलग नीति अपनानी चाहिए। अधिकतर अध्ययन इंगित करते हैं कि बालिका का प्रशिक्षण किसी महिला और बालक का पुरुष द्वारा होना चाहिए जिसमें माता-पिता या परिवार का कोई अन्य निकट का सदस्य हो सकता है। चंद आपत्तियों के बावजूद यह निष्कर्ष एक बेहतर दृष्टिकोण है कि एक बालक और एक बालिका का पालन पोषण और प्रशिक्षण उनके लिंगानुसार किया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त विशेषताओं को अधिक विकसित होने का अवसर मिले। इस तरह के प्रशिक्षण का अभाव आगे चलकर स्त्री के लिए मातृत्व को एक बोझ बना देता है और जीवन को भावनात्मक संघर्ष में बदल देता है। पारिवारिक संघर्ष विश्व का सबसे बड़ा अदृश्य महायुद्ध है।

–डॉ रामावतार शर्मा,
(चिकित्सक एवं लेखक)

बीकानेर के क्ले से मोरबी में सालाना 50 हजार करोड़ का सिरेमिक कारोबार

अगर राजस्थान सरकार कोलायत में ही सिरेमिक इकाईयां लगाने के लिए सस्ता फ्यूल और व्यापारियों को सहयोग करे तो यहां गुजरात के मोरबी से बड़ा हब बन सकता है

- **कोलायत तहसील के क्ले को 400 रुपए टन लेकर मोरबी में 20 हजार रुपए टन के सिरेमिक उत्पाद बेचे जा रहे हैं**
- **देशभर में मौजूद क्ले का करीब 70 प्रतिशत भंडार बीकानेर के कोलायत में है और खान एवं भूविज्ञान विभाग ने यहां 210 खनन पट्टे जारी कर रखे हैं**

बीकानेर, (निसं)। जिले की कोलायत तहसील में बाल क्ले का भंडार है, जिस पर आधारित 1000 से ज्यादा इकाईयां लगाकर गुजरात का मोरबी जिला सिरेमिक हब बना है। बीकानेर की क्ले से मोरबी में हर साल 50 हजार करोड़ रुपए का सिरेमिक उत्पादों का कारोबार हो रहा है। यहां की क्ले 400 रुपए टन लेकर मोरबी में 20 हजार रुपए टन के सिरेमिक उत्पाद बेचे जा रहे हैं। अगर राजस्थान सरकार कोलायत में ही सिरेमिक इकाईयां लगाने के लिए सस्ता फ्यूल और व्यापारियों को सहयोग करे तो यहां गुजरात के मोरबी से बड़ा हब बन सकता है।

देशभर में मौजूद क्ले का करीब 70 प्रतिशत भंडार बीकानेर के कोलायत में है और खान एवं भूविज्ञान विभाग ने यहां 210 खनन पट्टे जारी कर रखे हैं। हर साल क्ले की खानों में 31 लाख टन क्ले का उत्पदान होता है जिसका 98 प्रतिशत दूसरे राज्यों में निर्यात होता है। सबसे ज्यादा क्ले गुजरात के मोरबी में जाती है जो बीकानेर की क्ले के कारण ही सिरेमिक का हब बना हुआ है।

वहां 1000 से ज्यादा इकाईयां है जिनमें बीकानेर की क्ले से सिरेमिक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इन इकाईयों में 50 हजार करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया गया है और करीब 30 हजार श्रमिक हर साल 50 हजार करोड़ रुपए के सिरेमिक उत्पाद तैयार करते हैं।

गुजरात 15 हजार करोड़ रुपए के उत्पदों का निर्यात करता है। गुजरात में सिरेमिक उद्योग से हर साल वहां की सरकार और केन्द्र को 10,000 करोड़ रुपए का वार्षिक कर मिल रहा है। इतना ही नहीं, सिरेमिक उद्योग से जुड़ी सहायक इकाईयों जैसे गत्ते के डिब्बे बनाना, डिजाइन स्टूडियो, मशीनरी उत्पादन, ट्रांसपोर्टेशन आदि की गणना की जाए तो यह आंकड़ा और बढ़ जाएगा।

यह सब बीकानेर की क्ले पर आधारित कारोबार है और मोरबी को हब बनाने में सबसे बड़ा कारण है वहां के व्यापारियों को ईंधन के रूप में गैस उपलब्ध कराना। राजस्थान सरकार अगर इसकी गंभीरता को समझे और कोलायत में व्यापारियों को सस्ते फ्यूल यानी गैस उपलब्ध करा दे तो यहां बड़े-बड़े उद्योग घराने इन्वेस्ट करेंगे और कोलायत तहसील मोरबी से भी बड़ा सिरेमिक हब बन जाएगा।

यह बीकानेर में के व्यापारियों की दो दशकों पुरानी मांग भी है, लेकिन राज्य में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की सरकारों और स्थानीय मंत्री, नेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया है। वर्तमान में नई भाजपा सरकार ने अपने पहले बजट में बीकानेर में सिरेमिक सेंटर की स्थापना की घोषणा की है जिससे यहां के उद्यमियों और जनता को उम्मीदें जगी हैं। विश्व में भारत सिरेमिक टाइल्स बनाने में तीसरे स्थान पर है। देश में औसतन 400 करोड़ वर्ग मीटर सिरेमिक टाइल्स का उत्पादन हो रहा है और इसमें से 70 प्रतिशत उत्पादन बीकानेर की क्ले से मोरबी में हो रहा है। भारत में प्रति व्यक्ति टाइल्स की खपत लगभग एक वर्ग मी. प्रति वर्ष है जो कि ब्राजील, चाइना, वियतनाम आदि देशों की तुलना में बहुत कम है। वहां की वार्षिक खपत 4 से 6 वर्ग मी. है।

केन्द्र सरकार की सबके लिए आवास, स्वच्छ भारत, सस्ते मकान जैसी नीतियों को देखते हुए आने वाले समय में सिरेमिक टाइल्स की मांग 15 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है। बीकानेर क्ले के कारण इसमें सबसे बड़ी भूमिका निभा सकता है और यहां आर्थिक सामाजिक परिदृश्य बदल सकता है। राजस्थान सरकार स्थानीय और अन्य राज्यों के सिरेमिक उद्यमियों को विश्वास में लेकर प्रभावी कदम उठाए तो बीकानेर भारत में ही नहीं, विश्व में सिरेमिक का केन्द्र बन सकता है। इसके लिए एक नीति बनाकर अल्पकालीन और दीर्घकालीन लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी हैं।

बीकानेर के गजनेर इंडस्ट्रियल एरिया के सिरेमिक जोन में 25 हेक्टेयर के भूखंड रिजर्व किए जाएं। रियायती दरों पर बड़े साइज, 180 मी. गुना 450 मी. के भूखंड उपलब्ध कराए जाएं। उद्यमियों के रूपांतरित भूखंडों पर प्रस्तावित इकाईयों के लिए बिजली-पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वर्तमान उद्योगों के पास ही उपलब्ध सरकारी, बंजर जमीन रियायती दर पर आवंटित की जाए। गैस सप्लाई कंपनियों बीपीएल, एलओसी आदि से जैसलमेर में उपलब्ध गैस पाइप लाइन से सिरेमिक इकाईयों को उचित मूल्य पर गैस उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में राजस्थान में विद्युत दर गुजरात से 25 प्रतिशत ज्यादा है।

राजस्थान सरकार इस पर विचार कर सिरेमिक जोन में समयबद्ध तरीके से दरें कम करते हुए बिजली की उपलब्धता तय करें। सिरेमिक उद्योग रोजगारोन्मुखी है। टाइल्स आम आदमी के उपयोग की वस्तु है। टाइल्स पर जीएसटी वर्तमान रेट 18 प्रतिशत से कम कर 12 प्रतिशत तक करना चाहिए। वर्तमान में निवेशकों में असुरक्षा का माहौल है। बार-बार बदल रही कर नीति, पर्यावरण स्वीकृति की जटिलता, पेट्रोलियम पदार्थों का जीएसटी में नहीं लाना। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग बिजली पेट्रोलियम पदार्थ दर उद्योग में निजी निवेश को हतोत्साहित करती है। सिंगल विंडो प्रकोष्ठ बनाया जाना चाहिए जिसका मुख्यालय बीकानेर में हो, ताकी प्रस्तावित सिरेमिक उद्योग को भूमि रूपांतरण, बिजली कनेक्शन, पर्यावरण संबंधी अनापत्ति व अन्य प्रकार की स्वीकृतियां समयबद्ध तरीके से दिलाई जा सके।

राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल "रिफ" का समापन

जोधपुर, (कास)। जोधपुर राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल के 17वें संस्करण का रविवार सुबह समापन हुआ। 5:30 बजे कबीर गायन के साथ सफेद संगमरमरी इमारत जसवंतथड़ा के आहते में निर्गुणी कविता व भजन की धुनों से सुफियाना फिजां में देसी- विदेशी मेहमानों ने रुहानियत महसूस की। रिफ रसल में देसी-विदेशी 31 कलाकारों की जुगलबंदी ने मन मोहा।

रिफ डॉन में पद्मश्री कालूराम बामणिया द्वारा कबीर, बुलेशाह, मीराबाई के रुहानी भजनों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही 17वें सीजन का समापन हुआ। इससे पहले शनिवार मिड नाईट में रात दो बजे रिफ रसल में मेहरानगढ़ की जनाना कोर्टयार्ड में 31 कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुति दी। लंगा मांगणियार ने अलाप लगाकर लोक गीज घूमर से कार्यक्रम की शुरुआत की, सिंधी सारंगी, खड़ताल व ढोल की धुन में देर रात कोर्टयार्ड में बैठे दर्शकों के रगों में जोश भर दिया। रसलर गिरधर उडूपा ने राजस्थानी कलाकारों के साथ विदेशी कलाकारों की जुगलबंदी से हर कोई झूम उठा। सोना महापात्रा ने लंगा बैंड साज के साथ बादली, हिचकी आदि सॉन्ग की प्रस्तुति दी।

खड़ताल के साथ एली मिलर का कांगो, कोरियन ठो बाय सिल्वर बैंड, यूरोप का पूलूप बैंड की जुगलबंदी ने जो समां बांधा। देर रात डेढ़ घंटे चले इस कार्यक्रम में हर कोई संगीत की इस जुगलबंदी में मंत्र मुग्ध नजर आया। जनाना कोर्टयार्ड के मंच पर जैसे ही सिंगर सोना महापात्रा ने एंट्री ली और आई गिरी नंदनी... गाया तो लोगों ने जमकर तालियों से स्वागत किया।

एक घंटे की प्रस्तुति में सोना महापात्रा ने ओडिसा के फोक सोंग के अलावा आसाम व बंगाली फोक सोंग की प्रस्तुति दी। महापात्रा ने अपने नए एलबम बादली का सोंग भी लंगा कलाकारों के साथ गाया। क्लासिकल, पॉप व फोक सिंगर, कंपोजर, लिरीसिस्ट महापात्रा ने अपनी कला के सभी आयाम की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

कश्मीर से आये युवाओं ने सैंड आर्ट कार्यशाला देखी

युवाओं ने पुष्कर भ्रमण किया और पौराणिक महत्व जाना

पुष्कर, (निसं.)। भारत सरकार के युवा मंत्रालय के द्वारा नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से "वतन को जानो कार्यक्रम" के तहत कश्मीर से आये युवाओं को सैंड आर्ट कार्यशाला को दिखाया गया।

इस दौरान सेंड आर्ट के कलाकार अजय रावत ने सैंड आर्ट की बारीकियों को बताया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के ज़िला समन्वयक जयेश कुमार भी उपस्थित थे। कश्मीर से कुल 162 युवा पिछले एक सप्ताह से अजमेर में ठहरे हुये हैं और आसपास के पौराणिक स्थलों का भ्रमण कर रहे है और उनके बारे में जानकारी ले हैं। वहीं ब्रह्मा मंदिर और पुष्कर सरोवर के बारे में भी युवाओं को इनका महत्व बताया गया।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

सोमवार 21 अक्टूबर, 2024

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र प्रात: 6:50 तक, वारियान योग दिन 11:11 तक, कौलव करण दिन 3:24 तक, चन्द्रमा आज सायं 6:15 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

कुमार योग सूर्योदय से प्रात: 6:50 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग मंगलवार प्रात: 5:51 तक है। अमृत सिद्धि योग प्रात: 6:50 से रात्रि 2:30 तक है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: अमृत सूर्योदय से 7:58 तक, शुभ 9:23 से 10:47 तक, चर 1:36 से 3:00 तक, लाभ-अमृत 3:00 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:34, सूर्यास्त 5:49

मेष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिव कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिव कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

वृष
व्यावसायिव कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

मिथुन
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिव कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

कर्क
आर्थिक/वित्तिय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिव कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा।

सिंह
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कन्या
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

तुला
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

वृश्चिक
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

धनु
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

मकर
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

कुंभ
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

मीन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 81 प्रभात जयपुर, सोमवार 21 अक्टूबर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

ARBiT

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Persuit Didn't Pay

He was genuinely happy and asked me if I would wait for few minutes for him. I thought to myself that the fool does not know that I could wait for whole life for him. I was definitely in love with him.

Can Walnut Oil Solve Your Hair Problems?

राजस्थान में निवेश आमंत्रित करने के लिए जर्मनी तथा यू.के. का सफल दौरा करके जयपुर लौटे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर भावपूर्ण स्वागत हुआ।

विदेश यात्रा से लौटे मुख्यमंत्री भजनलाल का भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान में निवेश के लिये 15 लाख करोड़ रूपए के एम.ओ.यू. हुए

- **''राज्य सरकार का लक्ष्य है, राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 180 बिलियन से 350 बिलियन डॉलर करना। जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात व सिंगापुर की बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में निवेश करने में रूचि दर्शाई है।''**
- **भाजपा सरकार प्रदेश की आठ करोड़ जनता को ध्यान में रख सभी 200 विधानसभा सीटों में विकास कार्य कर रही है। उसका उद्देश्य है कि युवाओं को रोजगार मिले तथा उत्कृष्ट व विकसित राजस्थान बने।**

जयपुर, 20 अक्टूबर। राइज़िंग राजस्थान 2024 को सफल बनाने के उद्देश्य से जर्मनी और यू.के. की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जयपुर लौटने पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। जयपुर एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ कैबिनेट मंत्री, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। एयरपोर्ट के बाद जवाहर सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, चौमूं हाउस सर्किल के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भी भजनलाल शर्मा का अभूतपर्वू स्वागत और अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से संकल्पबद्ध है। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए भाजपा सरकार ने पहले ही साल में राइज़िंग राजस्थान के लिए निवेशकों से एम.ओ.यू. करने शुरू कर दिए। मुंबई, दिल्ली, जापान, दक्षिणी कोरिया के बाद अब जर्मनी और यू.के. के निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए तैयार किया गया है।

भाजपा सरकार ने राजस्थान में निवेश के लिए अब तक 15 लाख करोड़ रूपए से अधिक के एम.ओ.यू. साइन कर लिए हैं। जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर की बड़ी बड़ी कंपनियां राजस्थान में निवेश के लिए रूची दिखा रही हैं। भाजपा सरकार का लक्ष्य राजस्थान की अर्थ व्यवस्था को 180 बिलियन डॉलर से 350 बिलियन डॉलर करना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आ ान करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने खींवसर, झुंझुनूं, दौसा, देवली, रामगढ और सलुंबर से जन समर्थन वाले प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। हमें इन सभी प्रत्याशियों को विजय दिलानी है। केंद्र में नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानकर योजनाएं लागू कर रहे हैं, उसी तर्ज पर भाजपा सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता को ध्यान में रखकर सभी 200 विधानसभाओं में विकास के कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य है कि युवाओं को रोजगार मिले, उत्कृष्ट राजस्थान बने, विकसित राजस्थान बने, इसके लिए हमारी सरकार प्रयासरत है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिन रात प्रयास कर रहे है। एक ओर राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार थी, जिसके समय निवेशक सरकार पर भरोसा तक नहीं कर पा रहे थे लेकिन, राजस्थान की सरकार पर निवेशक भरोसा जता रहे है।

कार्यक्रम में मंच पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, मंत्रीगण जोगाराम पटेल, हीरालाल नागर, मदन दिलावर, अविनाश गहलोत, सांसद घनश्याम तिवाडी, मंजू शर्मा, दामोदर अग्रवाल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, विधायक कैलाश वर्मा, गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य, महेंद्र पाल मीणा, रामोवतार मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी, जिला प्रमुख रमा चोपडा, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत, मेयर कुसुम यादव, उपमहापौर पुनीत कर्नावत सहित भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के अध्यक्ष और संयोजकों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

दिल्ली की रोहिणी में बम विस्फोट, कोई जनहानि नहीं

सी.आर.पी.एफ. स्कूल के पास रविवार सुबह हुए विस्फोट में गाड़ियों के शीशे टूटे

- **एन.एस.जी., स्पेशल सेल, एफ.एस.एल. की टीमें घटना स्थल पहुँची। जाँच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह हमला था या हादसा।**

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 में सी.आर.पी.एफ. स्कूल के पास रविवार को जोरदार धमाका हुआ जिससे, आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये और इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।

रोहिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सुबह 7:47 पर हुआ धमाका इतना जोरदार था कि उसकी वजह से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये।

साथ ही कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि तेज धमाके के बाद धुएं का गुबार उठा जिससे पुलिस और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि धमाका किस चीज में हुआ। पुलिस ने धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलायी है, जो इस घटना की जांच करेगी।

घटनास्थल पर एन.एस.जी. के साथ दमकलकर्मी, दिल्ली पुलिस स्पेशल सैल और एफ.एस.एल., अपराध की टीम पहुंच गयी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह कोई हमला था या हादसा।

उपायुक्त के मुताबिक, धमाके में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने इलाके को बैरिकेड लगाकर सील कर दिया है।

एन.एस.जी. में बम निरोधक दस्ते के हेड मोहम्मद जमाल को मौके पर बुलाया गया था जो बम की कैटेगरी को समझने के विशेषज्ञ हैं।

एफ.एस.एल., बम स्कॉड, एन.एस.जी. ने मौके से कटे हुए तार के टुकड़े, पेंसिल सेल, सफेद रंग का पाउडर बरामद किया। फिलहाल सभी एजेन्सियों ने जो सबूत जुटाए हैं उनकी एक विस्तृत रिपोर्ट गृह मंत्रालय से साझा की जाएगी। गृह मंत्रालय की एक टीम भी मौके पर पहुंची थी। फिलहाल लोकल पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है जिसको जल्द स्पेशल सेल या गृह मंत्रालय के आदेश पर केन्द्रीय एजेन्सी को भी ट्रांसफर किया जा सकता है।

शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि ये ब्लास्ट पब्लिक को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि कोई मैसेज देने या अपनी ताकत दिखाने के लिए किया गया है। रोड के एक तरफ सी.आर.पी.एफ. स्कूल की बाउन्ड्री पर बम प्लांट किया गया, समय भी सुबह का चुना गया और रविवार का दिन भी था, जब वहां भीड़ नहीं होती है।

पूरे इलाके की स्कैनिंग की गई है और सभी दुकानों के सी.सी.टी.वी. डीवीआर को जब्त कर लिया गया है।

एक सी.सी.टी.वी. में ब्लास्ट की पूरी घटना कैद हुई है, जिसमें विस्फोट की इन्टैन्सिटी देखी जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक एक सी.सी.टी.वी. में कुछ संदिग्ध लोग देखे गए हैं, जिनकी भूमिका को वेरिफाई किया जा रहा है।

रविवार को 20 विमानों को बम की धमकी मिली

नई दिल्ली/मुंबई, 20 अक्टूबर। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया के छह-छह विमान शामिल हैं।

एक दिन पहले, शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी।

- **इंडिगो, विस्तारा व एयर इंडिया के 6-6 विमानों की इमरजैंसी लैंडिंग हुई।**
- **आपात लैंडिंग तथा उड़ानों में देरी आदि से अब तक एयरलाइन्स को 200 करोड़ रूपए का नुकसान हो चुका है।**

इसके कारण सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यूरिटी से डिटेल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

बाड़ी में स्लीपर कोच व टैम्पो की टक्कर में 12 की मौत

बारह जनाज़े एक साथ निकले तो बाड़ी में शोक छा गया

- **बाड़ी शहर निवासी इरफान अपने परिजनों के साथ बरौली गाँव में भात के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था, जब तेज रफ्तार से आ रही स्लीपर कोच ने टैम्पो को सामने से टक्कर मारी।**

धौलपुर, बाड़ी 20 अक्टूबर । धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में एन.एच. 11 बी पर सुनीपुर गांव के पास शनिवार रात करीब 11 बजे जयपुर जा रही स्लीपर कोच बस ने एक टैंपो को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में पांच बच्चे, तीन बच्चियां, तीन महिलाओं सहित 12 जनों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है। तीन घायलों की नाजुक हालत होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय धौलपुर रैफर किया है, लेकिन, रास्ते में एक महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी के गुमट मोहल्ला निवासी इरफान उर्फ बंटी, पुत्र बफ्फो खान, सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर भात कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शनिवार देर रात को परिवार के सभी सदस्य टैम्पो में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे, लेकिन बाड़ी की तरफ से तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने सुनीपुर गांव के पास टैम्पो को सामने से टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 11 जनों की मौत हो गई। दुर्घटना को देख हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहन चालक मौके पर रुक गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। दुर्घटना की खबर सुनकर धौलपुर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, बाड़ी, सहित अनेक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतकों के आश्रितों को 2 लाख एवं घायलों को 50 हजार की आर्थिक मदद दिलाने के आदेश जारी कराए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर ट्वीट कर दुर्घटना पर दुःख: जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा घटना बेहद हृदय विदारक है। मृतकों के आश्रितों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी गुमट मोहल्ले से आठ मासूम बच्चों सहित12 जनाज़े एक साथ निकाले तो लोगों की रूह कांप गई। सैकड़ों की तादाद में लोगों की भीड़ जमा हो गई, हर किसी की आंखें नाम हो गईं। इस दर्दनाक हादसे में इरफान का पूरा परीवार खत्म हो गया है। वही नहनू की पत्नी सहित चार घरों के चिराग बुझे हैं।

जहाँगीरपुरी में फायरिंग में एक की मौत

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में रविवार को एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में कई राउंड फायरिंग हुई। इस घटना में एक

- **पार्क के पास युवकों के दो गुटों में कहासुनी के बाद 10 राउंड फायरिंग हुई।**

व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि फायरिंग से पहले दो पक्षों में किसी बात को लेकर बहस हुई। इसके बाद दोनों

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

भाजपा ने महाराष्ट्र में 99 प्रत्याशी घोषित किये

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की।

भाजपा ने उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उतारा है।

- **उपमुख्यमंत्री फड़नवीस को नागपुर उत्तर-पश्चिम तथा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर को कामठी से टिकट मिला।**

भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां यह सूची जारी की, जिसे गत 16 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी।

पहली सूची में 99 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं हैं, जिनमें कांग्रेस से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

क्या बड़े घर बेटी ब्याहने का नुकसान उठा रही है राजस्थान सरकार?

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निजी मित्र व नज़दीकी, मफतलाल मेहनोत की दो कम्पनियों, शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कमोडिटीज़ को राज्य सरकार ने बड़े ही विवादित तरीके से वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन (भंडारण निगम) के 71 गादामों को वर्ष 2020 में दस साल के लिए संयुक्त संचालन का ठेका दिया था, परन्तु शुरु से ही यह दोनों कम्पनियाँ अनुबंधन की शर्तों को तोड़ने और एक के बाद एक विवादों में फंसी चली जा रही हैं

-यादवेन्द्र शर्मा-

- **जैसा कि विदित है, मई के महीने में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मु.मंत्री को लिखित शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें मेहनोत की दोनों कम्पनियों को भंडारण निगम व कृषि विभाग द्वारा दिए गये ठेके का रिव्यु करने की मांग उठाई थी।**
- **राज्य सरकार ने आज सोमवार को बोर्ड की बैठक बुलायी है, ठेके की शर्तों व उनकी अनुपालना का रिव्यु करने के लिये।**
- **उल्लेखनीय है कि कृषि मंत्री करोड़ीलाल मीणा के शिकायती पत्र में यह स्पष्ट आरोप भी लगाया गया है कि इन दोनों कम्पनियों ने अनुबंधन की शर्तों का उल्लंघन करते हुए वेयर हाऊसिंग कॉरपोरेशन के गोदामों को 70 प्रतिशत तक भरने के बजाय काफी खाली रखा, जिसके कारण कॉरपोरेशन को लगभग 250 करोड़ रूपए की हानि हुई है।**
- **कृषि मंत्री का आरोप था कि दोनों कम्पनियों ने वेयर हाऊसिंग कॉरपोरशन को हानि पहुँचाई, दूसरी ओर खुद के निजी गोदामों को कृषि उपज से भरा और राज्य सरकार से करोड़ों रूपए का भुगतान भी उठाया। अब वेयर हाऊसिंग कॉरपोरेशन और दोनों कम्पनियों के बीच का विवाद ''आर्बिट्रेशन'' में लंबित है।**
- **कृषि मंत्री की शिकायत के अनुसार, दोनों कम्पनियों ने गोदामों में रखे हजारों मैट्रिक टन माल, जिसका कुल मूल्य 3900 करोड़ से भी अधिक है, का पूरा इंश्योरैंस नहीं कराया और कीटनाशक आदि छिड़काव और उपयुक्त बैंक गांरटी भी नहीं दी है।**

जयपुर 20 अक्टूबर। राजस्थान की कृषि उपज के भंडारण का 10 वर्ष का टैंडर लेने वाली कल्पतरू समूह की कंपनी श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कॉमोडिटीज़ इंडिया प्रा. लि. के करोड़ों रु. के घपले सामने आ रहे हैं। सोमवार को इन दोनों कंपनियों के साथ किये गए अनुबंध का रिव्यू किया जायेगा, क्योंकि इन दोनों कंपनियों द्वारा कई निविदा शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। भंडारण निगम की बोर्ड बैठक में, कृषि व खाद्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव और राजस्थान वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सदस्य होते हैं। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ माह पहले मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मुख्यमंत्री को भेजी गई लिखित शिकायत के बाद राजस्थान राज्य भंडारण निगम व कृषि विभाग की ओर से इन कंपनियों को दिए गए ठेके का रिव्यू किये जाने की मांग मुख्य सचिव के समक्ष उठाई गई थी। इसके चलते अब सोमवार को बोर्ड बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में दोनों कंपनियों के द्वारा की जा रही निविदा शर्तों के उल्लंघन पर विस्तृत चर्चा होगी।

दस्तावेजों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ऑरिगो कंपनी के 23 गोदामों में करीब 1264 करोड़ रु. की खाद्य विभाग की कृषि उपज 3 अक्टूबर के बाद बिना किसी बीमा सुरक्षा के पड़ी हुई है। गोदामों का बीमा खत्म होने के बाद भी कंपनी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। करोड़ों रुपए की यह खाद्य सामग्री आमजन में वितरित की जानी है, सवाल यह है कि ऐसे में इसका खराबा अगर होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय 12

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

जम्मू-कश्मीरः आंतकियों ने दो मजदूरों की हत्या की

जम्मू-कश्मीर, 20 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में रविवार की रात आतंकियों ने गैर-स्थानीय लोगों पर

- **सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।**

हमला कर दिया। हमले में 2 मजूदरों की जान चली गई। दोनों एक सुरंग प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

लोकरंग में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं की प्रस्तुति ने मन मोहा

जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव का रविवार को राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्य मंच पर कुचामणी ख्याल, लोक गायन, भपंग, कथौड़ी नृत्य, भवाई, चरी, कालबेलिया और तेरहताली की प्रस्तुति हुई।

जयपुर, (का.सं.)। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव का रविवार को तीसरा दिन रहा। राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दस्तकारों के उत्पाद खरीदते नजर आए। यहां मुख्य मंच पर कुचामणी ख्याल, लोक गायन, भपंग, कथौड़ी नृत्य, भवाई, चरी, कालबेलिया, तेरहताली की प्रस्तुति हुई। लोक गायन सभा में माधवी मेवाल की लोक गायन और बाड़मेर के फकीरा खान भादरेश की मांगणियार गायन की प्रस्तुति हुई। मध्यवर्ती के मंच पर राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, गोवा, ओडिशा व उत्तर प्रदेश की लोक कलाएं साकार हुई।

मध्यवर्ती में मुजरो मान ली जो सा और घोड़लियो गीत के साथ जैसलमेर से आए मांगणियार बच्चों ने प्रस्तुति की शुरुआत की। सिर पर कलश रखकर बिहार के कलाकारों ने झिझिया नृत्य की प्रस्तुति दी। जेठ बैसाख माह में इंद्र देव का आभार व्यक्त करने के लिए यह नृत्य किया जाता है। मध्य प्रदेश के कलाकारों ने करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। गोंड जनजाति के कलाकार यह नृत्य करते हैं। बताया गया कि समुदाय के लोग श्रम को कर्म देवता मानते हैं, नृत्य में अच्छी फसल होने पर कर्म देवता का आभार व्यक्त किया जाता हैं। मुख्य रूप से कर्म पूजा महोत्सव में यह नृत्य किया जाता है। हिलजात्रा नृत्य की प्रस्तुति दर्शकों को उत्तराखंड की यात्रा पर ले जाती है। नेपाल के सीमावर्ती पिथौरागढ़ में होने वाला यह नृत्य कृषक समुदाय की ओर से किया जाता है जिसमें नेपाली संस्कृति का प्रभाव भी देखने को मिलता है। यह मुखौटा प्रधान नृत्य है, लख्या भूत नामक पात्र सभी का ध्यान खींचता है। लख्या को शिवगण माना जाता है उसकी उपस्थिति भगवान शिव के आशीर्वाद के रूप में देखी जाती है।

जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने सुरमा नृत्य की प्रस्तुति दी। शृंगार प्रधान नृत्य में नायिका अपने प्रियतम से घर आने की गुहार लगाती है। गोवा के कलाकारों ने समई नृत्य की प्रस्तुति दी। यह हस्तशिल्प और कला को समाहित करने वाली विधा है। पितल का दिया जिसे क्षेत्रीय भाषा में समाई कहा जाता है उसे सिर पर रखकर कलाकार नृत्य करते है।जौनसार, उत्तरखंड के जनजातीय कलाकारों ने जौनसारी नृत्य पेश किया। पुरुष और महिलाएं इसमें हिस्सा लेते है और प्रकृति व जीवन के बीच के संबंध को जाहिर करते हैं। ओड़िशा के कलाकारों ने डालखाई नृत्य पेश किया। यह एक जनजाति नृत्य है जिसमें अच्छी खेती के लिए डालखाई देवी का धन्यवाद व्यक्त किया जाता है। उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों ने मयूर नृत्य की प्रस्तुति से माहौल को कृष्णमय कर दिया।

शिल्पग्राम के मुख्य द्वार के सामने लॉन में सजी रंगचौपाल पर उदयपुर से आए कलाकारों ने गवरी लोक नाट्यय खेला। सोमवार को शाम 4 बजे से चौपाल में लोक नाटक की प्रस्तुति होगी।

त्योहारी सीजन में शिल्पग्राम में लगे मेले में रौनक देखने को मिली। गायन सभा में माधवी मेवाल की लोक गायन और बाड़मेर के फकीरा खान भादरेश की मांगणियार गायन प्रस्तुति हुई। फकीरा खान व साथी कलाकारों ने राधा रानी दे दारो बंसी म्हारी, झिर मीर बरसे मेह, हिचकी आदि लोक गीत गाए। मेले में गूंजते राजस्थानी गीतों का सभी आगंतुकों ने आनंद लिया।

राज्यपाल ने श्री श्याम सेवा संघ समिति के वार्षिक महोत्सव में भाग लिया

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को हसनपुरा स्थित शांति नगर पार्क में श्री श्याम सेवा संघ समिति के 38वें वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने वहां पर किए जा रहे यज्ञ में भी आहूति दी। इस दौरान उन्होंने 551 दीपकों की महाआरती के साथ प्रारंभ हुए इस महोत्सव की विभिन्न धार्मिक गतिविधियों की सराहना की और श्याम बाबा की झांकी के दर्शन कर उनसे राष्ट्र और राज्य की खुशहाली और संपन्नता के साथ सभी के मंगल के लिए कामना की।

कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आज

जयपुर। प्रदेश में 13 नवम्बर को सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु 21 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी वार रूम पर प्रदेश कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान सहप्रभारी चिरंजी राव शामिल रहेंगे।

चिकित्सा अधिकारी भर्ती में सीट बढ़ाने की मांग

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने चिकित्सा अधिकारी भर्ती 2024 में 1220 सीटों में वृद्धि कर 2700 पद करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

सराफ ने बताया कि राज्य में 2 साल बाद चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन आरयूएचएस के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें 1220 पदों पर चिकित्सा अधिकारी की भर्ती की जा रही है। जबकि प्रदेश में 5000 से अधिक पद खाली हैं जिनमें 3 महीने से पहले हुए डीएपीसी से 581 पद रिक्त हुए एवं पिछली 1765 भर्ती में 450 पद रिक्त हुए एवं वर्तमान में आरपीएससी मीटिंग पश्चात 500 पद रिक्त भी शामिल है। अभी वर्तमान में पीजी परीक्षा काउंसलिंग के बाद भी 1000 से अधिक पद रिक्त होने की संभावना है। सराफ ने कहा की सरकार इन 1220 पदों के साथ अन्य 1500 पदों पर भी भर्ती निकालती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गांव-गांव डॉक्टर का सपना पूरा होगा। भाजपा चुनाव घोषणा पत्र में सातवें क्रमांक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष 3000 चिकित्सा अधिकारी भर्ती करने की गारंटी दी थी एवं राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री द्वारा बजट 2024 में 1220 के अतिरिक्त 1500 नई चिकित्सा अधिकारी के पदों की घोषणा की गई थी।

महापौर कुसुम यादव ने महिलाओं के साथ सामूहिक पूजन किया



जयपुर। करवा चौथ पर्व के अवसर हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं के साथ सामूहिक पूजन और व्रत किया। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस अवसर सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ चौथ माता की कहानी की और पूजन-व्रत किया। साथ ही सामूहिक चंद्र दर्शन कर व्रत खोला।

महापौर कुसुम यादव ने चौथ माता व्रत की महत्ता को बताया और चौथ माता से प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि अखंड सुहाग की मंगल कामना के लिए चौथ माता का व्रत और पूजन किया जाता है। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे देशभर में और विदेशों में भी जहां भारतीय परिवार रहते हैं, बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सधवा महिलाओं (विवाहित महिलाओं) द्वारा अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगल की कामना के लिए रखा जाता है। इस दौरान पार्षद पूनम शर्मा सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

प्रख्यात वायलिन वादक मैसूर मंजूनाथ बने संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष

जयपुर। विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक संगीतज्ञ प्रोफेसर डॉ मैसूर मंजूनाथ तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

निर्वाचित अध्यक्ष ने ऑनलाइन घोषणा की कि प्रसिद्ध अभिनेता.निर्देशक नीतीश भारद्वाज, मुंबई, कला विशेषज्ञ हेमलता एस मोहन, रांची, वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ रवींद्र भारती, जयपुर, संस्कार भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष होंगे। प्रसिद्ध सुरबहार वादक डॉ अश्विन दलवी, जयपुर, अखिल भारतीय महामंत्री होंगे।

अभिजीत गोखले, दिल्ली, अखिल भारतीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय मंत्री रवि बेडेकर, नासिक, निलाँजना रॉय, कोलकाता, अनुपम भटनागर, दिल्ली, आशुतोष अडोनी, नागपुर और संजय चौधरी, सुभाष चंद्र अग्रवाल, आगरा, कोषाध्यक्ष और श्रीपाद जोशी उज्जैन, सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

संस्कार भारती कला जगत का संगठन है। भारतीय कला जगत का संचालन भारतीय कला दृष्टि के आधार पर हो, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी बैठकों में योजना कार्यक्रम उपक्रम प्रकल्प इत्यादि नियोजित किए जाते हैं।

विचार आधारित प्रस्तुतियां हो इस दृष्टि से कला, शिक्षा, अध्ययन, समीक्षा, श्रोता, संस्थाएं सृजन, नीति निर्धारण इत्यादि में संस्कार भारती कार्य आगे बढ़ाने का विचार हुआ है। जिसमें देश के कलाकारों सहित कला जगत के अन्य घटकों में कार्य का विस्तार करने और विभिन्न कला विधाओं के चर्चा केंद्र, कला सर्कल आदि उपक्रम विशेषत: नगरों में शुरू किए जाने का निर्णय हुआ है।

सामाजिक समरसता विषय पर फरवरी में बेंगलुरु में हुए अखिल भारतीय कला साधक संगम की उपलब्धियां की समीक्षा की गई है उसके साथ ही इस वर्ष का भरतमुनि सम्मान दो कला विभागों. एक मंचीय कला और दूसरे साहित्य ;भारतीय भाषाओं में प्रदान करने का निर्णय हुआ है। जिसमें प्रत्येक को 1,51,000 रुपए की राशि, एक प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

धौलपुर में हुई दुर्घटना पर दुःख जताया

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने धौलपुर में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। देवनानी ने इस दुर्घटना में निधन हुए लोगों के प्रति संवेदना जताई है।

कर्नल राठौड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु से मुलाकात की

कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को विनम्र व कर्मठ व्यक्तित्व के धनी, वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय सुरेश प्रभु से आत्मीय भेंट की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश में संचालित विकास योजनाओं, औद्योगिक प्रगति व राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के तहत राज्य में वैश्विक निवेश सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री ने राजस्थान के आर्थिक विकास की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हम सभी अंत्योदय से सर्वोदय के लक्ष्य साथ विकसित भारत, समृद्ध राजस्थान के नवनिर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

पुलिस शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि आज

जयपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर 21 अकटूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए), शास्त्री नगर, जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रात: 7:30 बजे से परेड, गार्ड ऑफ ऑनर और शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

राजस्थान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) साहू आरपीए में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित त्रिमूर्ति सर्किल के शहीद स्मारक पर भी पुलिस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस शहीदों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देगी।

वर्तमान वारफेयर की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक समाधान पर जोर दिया

जयपुर। रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर में 19 अक्टूबर को प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ प्रोफेसर अजय कुमार सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, डॉ समीर वी कामत, सचिव, डी डी आर एंड डी एवं अध्यक्ष, डी आर डी ओ, आर वी हरा प्रसाद, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एन एस एम) एवं निदेशक रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर, डॉ मनु कोरुल्ला, महानिदेशक (आर एम) एवं डॉ वाई श्रीनिवास राव, भूतपूर्व महानिदेशक (एन एस एम) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

आर वी हरा प्रसाद ने अपने स्वागत उदबोधन में रक्षा प्रयोगशाला द्वारा विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी क्षेत्र में किये गए कार्यों का जिक्र किया। डॉ कामत अपने अध्यक्षीय भाषण में रक्षा अनुसंधान में वर्तमान वारफेयर की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक समाधान पर कार्य करने की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने इंडिया 2030: एस एन टी अपर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज विषय पर 31वां प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान दिया। प्रोफेसर सूद ने भारतीय परिपेक्ष में बेसिक साइंस रिसर्च कि आवश्यकता पर प्रकाश डाला जिसमे उन्होंने आज की करंट रिसर्च विषय जैसे, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेंसिंग एंड डिटेक्शन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आज के युवा वैज्ञानिको को कार्य करने की बात कही साथ ही साथ राष्ट्र के आधारभूत विकास के लिए विज्ञान एवं प्रद्योगिकी क्षेत्र में सतत नवाचार का भी जिक्र किया।

कार्यक्रम का आयोजन अजय सिंह राठौर, सह-निदेशक की अध्यक्षता में किया गया एवं समापन राष्ट्रगान एवं डॉ अजय जैन, तकनीकी निदेशक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर में प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ प्रोफेसर अजय कुमार सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, डॉ समीर वी कामत, सचिव, डी डी आर एंड डी एवं अध्यक्ष, डी आर डी ओ, आर वी हरा प्रसाद, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एन एस एम) एवं निदेशक रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर, डॉ मनु कोरुल्ला, महानिदेशक (आर एम) एवं डॉ वाई श्रीनिवास राव, भूतपूर्व महानिदेशक (एन एस एम) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

पानी की मोटर चोरी करने वाला बाल अपचारी निरूद्ध

जयपुर। प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेजीडेंसी से पानी की मोटर चोरी करने वाले एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। साथ ही बाल अपचारी से चोरी की गई पानी की मोटर भी जब्त की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि निरुद्ध बाल सम्प्रेषण गृह से दो बार फरार भी हो चुका है।थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि रेजीडेंसी से पानी की मोटर चोरी करने वाले एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। साथ ही बाल अपचारी से चोरी की गई पानी की मोटर भी जब्त की है। निरुद्ध किया गया बाल अपचारी आदतन अपराधी है जो पूर्व में नकबजनी की वारदातों में निरुद्ध हो चुका है। बाल अपचारी ऐसी सामग्री की तलाश में रहता है जिसमें तांबा और पीतल की धातु का उपयोग में आती है उसमें से तांबा और पीतल निकाल कर बेच देता है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

खोया पाया

मेरा Flat No. MB-1/706, प्रताप अपार्टमेन्ट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन व लीज मुक्ति प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। प्रदीप कुमार-9166804020

आम सूचना मेरे अभिभाष्य हरिशंकर शर्मा पुत्र श्री बजरंगलाल शर्मा निवासी झोडिन्दा भोजपुरा तहसील फागी, जयपुर हाल निवासी प्लाट नंबर 783अ, श्याम नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर अपने ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार शर्मा एंव उसकी पत्नि श्रीमती संगीता शर्मा को उनका चाल चलन ठीक नही होने कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते है और भविष्य में इनका मेरे अभिभाष्य की संपत्ति व उसके किसी भाग से कोई संबंध व सरोकार नही होगा।
जयपुर (अनूप शर्मा)
दिनांक 19.10.24 एडवोकेट

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 336/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री विजय शर्मा पुत्र श्री राम दयाल शर्मा निवासी एम-75, महेश कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर 302015 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1). केअन्तर्गत बिग स्माइल (BIGSMIILE) कार्यालय पता-एम-75, महेश कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर 302015 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता हैं कि वे. इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18/10/225 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23/12/24
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

पॉली हाउस लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

बिंदायका थाना पुलिस ने ठगी करने वाले दाता एग्रो इन्फ्रा प्रा.लि. के मालिक को गिरफ्तार किया है

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के बिंदायका थाना पुलिस ने आज कार्रवाई करते हुए किसानों के पॉली हाउस लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दाता एग्रो इन्फ्रा प्रा.लि. के मालिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ने 29 लाख रुपये की पॉली हाउस लगाने के नाम से ठगी की थी। वहीं आरोपित के खिलाफ कोतवाली गंगानगर, मौजमाबाद जिला दूदू, शिवदासपुरा, कोटखावदा में पोली हाउस लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किसानों के पोली हाउस लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दाता एग्रो इन्फ्रा प्रा.लि. के मालिक महेंद्र सिंह हाड़ा उर्फ मनू उर्फ हिरदय सिंह निवासी महावीर नगर जिला कोटा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के अन्य साथी मुकेश मीणा निवासी शिवदासपुरा जयपुर, सुरेश मीणा निवासी शिवदासपुरा को गिरफ्तार किया गया जा चुका है और अभी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं।

■ 29 लाख रुपये की पॉली हाउस लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित किसानों से सम्पर्क कर पॉली हाउस लगाने की बात कर एक इकरारनामा तैयार करते हैं और इकरारनामा में शर्तों का हवाला देकर रुपये प्राप्त कर लेते है लेकिन किसानों के पॉलीहाउस नहीं लगाया जाता है। रुपये प्राप्त होने के बाद पश्चात आरोपित अपने मोबाइल नम्बर बदल लेते हैं, जिससे की सम्पर्क नहीं हो पाए। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

गौरतलब है कि पीड़ित विनोद कुमार ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया कि आरोपित मुकेश मीणा निवासी ग्राम मुन्दली जिला जयपुर व सुरेश मीणा और दाता एग्रो इन्फ्रा का मालिक महेन्द्र सिंह हाडा ने मिलकर पोली हाउस लगाने का लालच दिया और सुनियोजित तरीके से पोली हाउस लगाने का 500 रुपये के एक स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा कर पॉली लगाने के नाम पर 29 लाख रुपये नकद व खाते में तथा फोन पे के माध्यम से प्राप्त कर लिये गये। पुलिस ने मामला दर्ज जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों को चिन्हित किया और उन्हें पकड़ लिया।

जुआ खेल रहे तीन जुआरी गिरफ्तार

जयपुर। शिप्रापथ थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने जुआ-सट्टा खेलने वालों पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो लाख बीस हजार रुपये की जुआराशि भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना और डीएसटी दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे पप्पुराम चौधरी,संदीप जैन और नादान सिंह को मुखबिर की सूचना पर ठाीन वैली इलाके से गिरफ्तार कर दो लाख बीस हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है।

अंडमान निकोबार की यात्रा कर जयपुर लौटा लॉयन्स क्लब मेट्रो का दल

जयपुर। लॉयन्स क्लब जयपुर मेट्रो का 48 सदस्यीय दल आज अंडमान निकोबार की 8 दिन की यात्रा कर आज लौटा। यात्रा के दौरान दल ने अंडमान निकोबार में वहां की संस्कृति को जाना और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। यात्रा संयोजक लॉयन सुरेंद्र जैन पांडया और लॉयन सीके बापना ने बताया कि क्लब के दल ने 8दिन की यात्रा के दौरान हेवलोक,नील सहित अन्य स्थानों का भ्रमण किया। क्लब के सभी सदस्य वहां की कला संस्कृति से अभिभूत हो उठे। यत्रा के दल में सीके बापना, सचिव विमल गोलछा,जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन,सुरेन्द्र डिग्गीवाल, जीएल शर्मा,अनिल मितल,डॉ.रमेश सेठी ओर डॉ.महेश शर्मा आदि शामिल रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने रहाटकर को बधाई दी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बनाए जाने पर विजय रहाटकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि रहाटकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला आयोग नई गति से कार्य करेगा।

दस हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर में प्रताप नगर थाना पुलिस ने रविवार को दस हजार रुपए के इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को एक होटल से गिरफ्तार किया है।

■ पुलिस ने इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए

डीसीपी (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इन्द्रा कॉलोनी बनीपार्क निवासी हिमांशु जांगिड का रहने वाला है। आरोपी हार्डकोर आदतन अपराधी है। एवं बनीपार्क थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी अवैध हथियार, हत्या के मामलों में पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी सक्रिय गैंग बनाकर रखता है, जिसमें बहुत सारे लड़कों को जोड़ रखा है। आरोपी ब्रह्मपुरी, चौमूं और कोतवाली दौसा व अन्य थानों से फरार चल रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अवैध हथियार देशी पिस्टल हरियाणा में रहने वाले संजय शर्मा से खरीदी थी। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसने पिस्टल कितने रुपए में खरीदी थी।

युवा वर्ग में ओमप्रकाश और बाल वर्ग में केसी प्रजापति विजेता रहे

अनुराग संगीत संस्थान की 32वीं अखिल भारती दृष्टिबाधित संगीत प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जयपुर। अनुराग संगीत संस्थान की 32वीं अखिल भारती दृष्टिबाधित संगीत प्रतियोगिता आखिरी दिन रविवार को फाइनल राउंड में युवा वर्ग में बीकानेर (राजस्थान) के ओमप्रकाश और बाल वर्ग में पटियाला(पंजाब) के कणाल चन्द्र प्रजापति विजेता रहे। सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल के ऑडिटोरियम में दृष्टिबाधित संगीत प्रतियोगिता में देश भर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

युवा वर्ग में बीकानेर के ओमप्रकाश ने शास्त्रीय राग आधारित मां दुर्गा का सुरीला भजन सुनाया। इसी प्रकार युवा वर्ग में जयपुर की कविता चौधरी द्वितीय और महाराष्ट्र की पूजा शिंदे तत्तीय स्थान पर रही। बाल वर्ग में महाराष्ट्र (लातरू) के कृष्णा देवकुटे द्वितीय और जयपुर की डिंपल कंवर तीसरे स्थान पर रही। संस्थान सचिव डॉ.अजीत कुमार जैन ने बताया कि सभी विजेताओं को नकद राशि समेत सिंथेसाइजर, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके अलावा फाइनल राउंड में शेष तीन-तीन प्रतिभागियों को भी सान्त्वना पुरस्कार दिया गया।

शिविर में 325 मरीजों की नेत्र जांच

जयपुर। शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था के बैनर तले संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से 141 वां नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर रविवार को विद्याधर नगर, सेक्टर-7 स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। शिविर में 325 मरीजों ने आंखों की जांच व 159 व्यक्तियों को चश्मे वितरण किए गए, साथ ही 16 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। संस्था के नथमल बंसल के अनुसार शिविर मे संजय एंड फाउंडेशन से ज्योति अग्रवाल व कमलनयन बागला, संस्था के अनिल कुमार सिंगडोदिया, विनोद गुप्ता, सुरेश सिंगडोदिया, अरुण काबरा, राजकुमार लोहिया, नाथूराम बिजाका, दिलीप अग्रवाल, शिव कुमार जालान, प्रमोद मोदी, अनिल शर्मा, मुकेश मीणा व राजेंद्र सिंह उपस्थित हुए।

शिविर में 200 से अधिक लोगों ने कराया पंजीकरण

जयपुर। होप गिवर्स फाउंडेशन व आशीर्वाद वृद्धाश्रम की ओर से विकलांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों के वितरण का पंजीकरण शिविर आज सांगानेर के मुहाना स्थित पंचायत भवन में लगाया गया। इस मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। षिविर में दो सौ से अधिक व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बताया कि अपने आदर्श वाक्य 'नर सेवा नारायण सेवा' के तहत विकलांग व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सहायक उपकरणों जैसे मोटर ट्राइसाइकिल व्हील चेयर, वाकिंग स्टिक, बैसाखी, हियरिंग एड मशीन इत्यादि के लिए पंजीकरण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र लाना था एवं विकलांगों के लिए आधार कार्ड, यूडीआइडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र अनिवार्य था।

सांगानेर के मुहाना स्थित पंचायत भवन में विकलांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों के वितरण का पंजीकरण शिविर हुआ आयोजित।

उन्होंने बताया कि शिविर में दो सौ से अधिक व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है। सभी को अगले सप्ताह इसी दिन, इसी स्थान पर सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर में सांगानेर भाजपा प्रभारी प्रकाश तिवाड़ी, अरुण शर्मा, नगर निगम चेयरमैन शंकर लाल, सरपंच मुहाना, ज्योति प्रजापति, विकास अधिकारी सांगानेर, बृज मोहन, साध पंचायत समिति सदस्य, विनोद कुमार शर्मा,सेक्रेटरी मुहाना पंचायत, योगेन्द्र शर्मा व उपाध्यक्ष श्री सिद्धेश्वर प्रकाश समिति एवं गगन कपूर वृद्ध केयर इत्यादि भी मौजूद रहे।

वॉकथॉन के साथ शुरू हुई ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल 2024 की गतिविधियां

जयपुर। ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्ल्यूएफ) के तीसरे संस्करण की उल्टी गिनती की शुरुआत जयपुर हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्ल्यू) द्वारा आज आयोजित एक जोशपूर्ण वॉकथॉन के साथ हुई। इस आयोजन में 200 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों, जेएचडब्ल्यू टीम के सदस्यों और जयपुर वासियों ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व जेएचडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने किया। जैसे ही सुबह की पहली किरणें जवाहर सर्किल पर चमकीं, प्रतिभागी यहाँ एकत्रित हुए और इस पहल की पूर्व-कार्यक्रम गतिविधि की शुरुआत की, जो जीएचडब्ल्यूएफ के लिए उत्साहपूर्ण माहौल तैयार कर रही है। संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मैं जीएचडब्ल्यूएफ को लेकर बहुत उत्साहित हूँ और वॉकथॉन के साथ हम अपनी स्वास्थ्य गतिविधियों की शुरुआत कर रहे हैं। यह सिर्फ जीएचडब्ल्यूएफ 2024 के लिए जागरूकता फैलाने का मौका नहीं है, बल्कि सभी समुदाय के साथ जुड़ने, स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को उजागर करने का अवसर है। हमारी टीम इस संस्करण को सबसे बड़ा और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

जेएचडब्ल्यू के सह-संस्थापक, भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वॉकथॉन के दौरान, प्रतिभागियों ने जवाहर सर्किल पर सुबह की सैर पर आए लोगों से बातचीत की और उन्हें जीएचडब्ल्यूएफ के बारे में

■ 'इस वर्ष के महोत्सव में पूरे भारत से 15 से अधिक प्रमुख मेडिकल पार्टनर शामिल होंगे'

जानकारी दी, जो 9 और 10 नवंबर को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित होगा। उन्होंने लोगों को जीएचडब्ल्यूएफ 2024 में भाग लेने के फायदों के बारे में बताया, जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी के लिए लगभग 15,000 मूल्य के विशेष स्वास्थ्य लाभ शामिल हैं, जिसमें मुफ्त परामर्श, रोकथाम देखभाल और निर्धारित मेडिकल परीक्षण शामिल होंगे।

इस वॉकथॉन के दौरान यह रोमांचक जानकारी भी साझा की गई कि इस वर्ष के महोत्सव में पूरे भारत से 15 से अधिक प्रमुख मेडिकल पार्टनर शामिल हो रहे हैं जो कि एक गिनीस बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में शामिल होने की पहल है। ये साझेदारियां जयपुर में शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञता और सेवाएं लाएंगी, जिससे जीएचडब्ल्यूएफ को भारत का सबसे बड़ा स्वास्थ्य महोत्सव बनने में मदद करेंगी।

वॉकथॉन के साथ-साथ, आज विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस भी मनाया गया, जिसमें हड्डियों के स्वास्थ्य और इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों को हड्डियों की देखभाल, पोषण संबंधी सलाह और हड्डियों को मजबूत रखने के लिए विशेष अभ्यासों के बारे में जानकारी दी गई। ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए निशुल्क बोन डेंसिटी परीक्षण भी आयोजित किए गए, ताकि लोग इस बीमारी के प्रति सतर्क रहें और समय रहते आवश्यक कदम उठा सकें। जेएचडब्ल्यू ने इस दिन का उपयोग समुदाय के साथ जुड़ने और उन्हें उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करने में किया, ताकि वे एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें। जेएचडब्ल्यू का यह प्रयास, जेएचएफ 2024 की ओर बढ़ते हुए, लोगों को स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूक करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

महिलाओं ने की चौथ माता पूजा अर्चना

जयपुर। राजधानी में रविवार को करवाचौथ के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करवा माता, भगवान शिव, माता पार्वती, विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति भगवान गणेश और चंद्रदेव की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मॉडल टाउन में महिलाओं ने लकड़ी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं और इस पर भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की। महिलाओं ने चौथ माता के व्रत की कथा भी सुनाई। रात को चंद्रमा के निकलने पर दर्शन और पूजन करते हुए अपना व्रत खोला।

'चूल्हे का धुआं भी सिगरेट के धुएं जितना ही खतरनाक'

नैटकॉन 2024 कांफ्रेंस के अंतिम दिन आज टीबी और फेफड़े के रोगों पर हुई विस्तृत चर्चा

जयपुर। नैटकॉन 2024 कांफ्रेंस के अंतिम दिन आज टीबी और फेफड़े के रोगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

आयोजन सचिव डॉ नितिन जैन ने बताया कि आज सम्मेलन में विशेषज्ञों ने बताया कि गठिया रोग (रूमेटॉइड गठिया) विभिन्न प्रकार से फेफड़ों पर भी अपना प्रभाव डाल सकता है। गठिया के कारण फेफड़ों में सूजन (पल्मोनरी इन्फ्लेमेशन) हो सकती है, जिससे सांस लेने में परेशानी हो सकती है। इसके अतिरिक्त पल्मोनरी फाइब्रोसिस जिससे फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। प्ल्यूरिसी हो सकता है, जो फेफड़ों के आसपास की झिल्ली की सूजन है। गठिया के कारण फेफड़ों में गांठें (लंग नोड्यूल्स) हो सकती हैं। गठिया की वजह से फेफड़ों पर होने वाले इन सभी दुष्प्रभावों को इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) भी कहा जाता है जो फेफड़ों की एक गंभीर बीमारी है। इसलिए यदि आपको गठिया के मरीजों को अगर फेफड़ों से संबंधित समस्याएं हैं, तो अपने डॉक्टर से परामर्श लें। आयोजन अध्यक्ष डॉ महेश मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के एमबीबीएस पाठ्यक्रम से श्वसन चिकित्सा को हटाने के निर्णय के प्रभावों पर भी एक पैनल सत्र का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता टाई के अध्यक्ष डॉ वी के अरोड़ा ने की। इस फ़ैसले पर इंडियन चेस्ट सोसाइटी (आईसीएस) एवम ट्यूबरक्यूलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने विरोध जताया है। आईसीएस का तर्क है कि श्वसन रोगों के प्रबंधन के लिए श्वसन चिकित्सा अहम है। इस विषय पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर कटेवा एवम वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चतुर्वेदी ने भी अपने विचार रखे।

आयोजन समिति सदस्य डॉ आर पी मीना ने बताया कि सम्मेलन में फेफड़े के कैंसर विषय पर भी गहन चर्चा की गई जिसमें बताया गया की चूल्हे और सिगरेट/बीड़ी का धुआं फेफड़े के कैंसर का सबसे बड़ा कारक है। अगर लंबे समय से खांसी या बलगम में खून तथा सांस फूलने जैसे लक्षण हों तो तुरंत अपने चिकत्सक से संपर्क करें। इसके अतिरिक्त टीबी की बीमारी के बाद फेफड़े पर होने वाले प्रभावों, फेफड़े में थक्के जमने यानी पल्मोनरी थ्रोंबोसिस, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप ऐपनिया, डायबिटीज एवम टीबी, फेफड़े की गांठों आदि महत्वपूर्ण विषयों पर भी सम्मेलन में विस्तृत चर्चा की गई। नैटकोन 2024 समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे डॉ एस एस अग्रवाल एवम गेस्ट ऑफ ऑनर थे डॉ एस पी लुहाड़िया। इस अवसर पर डॉ एस एस अग्रवाल ने कहा कि टीबी और फेफड़े की बीमारियों के खिलाफ लड़ाई लंबी है और इसे नए नए आयामों के साथ जारी रखना है।

नई टेक्नोलॉजी, निदान एवं उपचार के नए तौर तरीकों तथा दवाइयों के साथ चिकित्सक लगातार मरीजों की सेवा में जुटे रहें। डॉ लुहाड़िया ने नेटकॉन 2024 के सफलतम आयोजन के लिए आयोजन समिति को बहुत बहुत साधुवाद दिया। अंत में कांफ्रेंस के मुख्य संरक्षक डॉ एन के जैन, आयोजन सचिव डॉ नितिन जैन व आयोजन अध्यक्ष डॉ महेश मिश्रा ने सभी डेलीगेट्स व फैकल्टी को कांफ्रेंस में शिरकत करने व इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

नैटकॉन 2024 कांफ्रेंस के अंतिम दिन आज टीबी और फेफड़े के रोगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

■ 'गठिया के कारण फेफड़ों में सूजन (पल्मोनरी इन्फ्लेमेशन) हो सकती है, जिससे सांस लेने में परेशानी हो सकती है'

मुख्यमंत्री का विदेश यात्रा से लौटने पर स्वागत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम की विदेश यात्रा के बाद रविवार को जयपुर लौटे। शर्मा का जयपुर एयरपोर्ट परिसर में राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यों एवं विधायकों सहित उच्च अधिकारियों ने स्वागत किया। मंत्रिगण और विधायकों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल विदेश यात्रा के लिए बधाई दी।

इस दौरान जयपुर शहर के प्रमुख स्थानों पर आमजन ने शर्मा का अभिनंदन किया और प्रदेश की आर्थिक समृद्धि एवं विकसित राजस्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं डेयरी व देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड, सांसद मंजू शर्मा, सांसद राव राजेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विधायकगण, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव, जिला प्रमुख जयपुर रमा चौपड़ा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ARBiT
it happens here...

Back To The Future Day

Back to the Future was a sensation, and there isn't a person alive who has seen this movie that hasn't avidly awaited the arrival of our hoverboards and time machines. Back to Future Day celebrates the day that the Delorean arrived in the future, October 21, 2015, at 4:29pm. The movie recounts the adventures of Marty McFly, having used Doc Brown's specially modified Delorean to travel back into his past. He was just escaping the Lybians that were after the plutonium that Doc Brown used to power his time travel experiment, but it led him on a series of crazy events in the distant past. Why is this date of importance then? Because in the sequel he traveled to the future to solve some issues with his children, and Back to the Future Day takes place on the date he arrived according to the movie.

राष्ट्रदूत
MONDAY
21 October 2024
A-B

#HAIRCARE

Can Walnut Oil Solve Your Hair Problems?

Enforcing hair growth necessitates a comprehensive approach that includes healthy living habits, effective hair care, choosing the right products and more.

Hair fall has become a growing menace and people have been struggling to find the right solution to prevent it. Genetics, diet, stress and hormone imbalance are among variables that might contribute to hair loss. Enforcing hair growth necessitates a comprehensive approach that includes healthy living habits, effective hair care, choosing the right products and more. Among other things, walnut oil is considered quite effective when it comes to hair growth and damage prevention. It contains omega-3 fatty acids, antioxidants and vitamin E, all of which can help your hair look wonderful.

Benefits Of Using Walnut Oil For Hair

- **Stimulates hair growth:** Walnut oil has long been used to treat hair loss due to its high concentration of Omega-3 fatty acids. It also has Biotin, which helps strengthen your hair. If you have coloured hair, using walnut oil may enhance the colour, making it appear more vibrant and glossy.
- **Removes Dandruff:** Walnut oil can help prevent the hairline from becoming flaky, which reduces dry scalp. Implement it at least once or twice a week - rinse your hair with water and a sulphate-free shampoo. Following the first wash, a visible reduction in flaky skin can be observed.
- **Softens hair:** Walnut oil works wonders for softening dry and damaged hair. If you have excessively frizzy and dull hair, this can be a solution for you. Walnut oil is rich in fatty acids and has hair-softening qualities, which rejuvenate your hair and add the perfect shine.

How To Use Walnut Oil

- **As a massage oil:** First, warm up a small amount of oil. Then, work it into your hair, concentrating on the ends and any areas that are very dry or damaged. You can also apply the oil to your scalp to encourage healthy hair development. Leave the oil on your hair for at least 30 minutes then rinse with warm water and shampoo.
- **As a hair mask:** Combine walnut oil with eggs, honey and coconut oil. Apply the hair mask to your hair, beginning with the roots and continuing to the tips. Massage your scalp lightly for a few minutes to improve blood circulation. Cover your hair with a shower cap and let the mask sit for 30 minutes. Rinse your hair with warm water and use shampoo as usual.
- **As a hair serum:** Simply combine the walnut oil, aloe vera gel and vitamin E oil. Leave the serum on for many hours or overnight. Rinse your hair with warm water and use shampoo as usual. This hair serum moisturises and nourishes, while also boosting hair growth and preventing hair loss.



Persuit Didn't Pay

PART: 1

Time flew past, I met him few times more. I had a cousin studying economics honours in St Xaviers. He one day asked me if I knew Shashi Menon. I said yes, he was my batch mate. He said sometimes, he took their class and was always escorted by the Principal who would sit in the class throughout the period. He described him as brilliant. I was fascinated how he was taking a pure economics class. I told my cousin that I too wanted to attend one of his classes. After few days my cousin called that Shashi was taking the class next day in the morning. I dressed like a student and went and sat in the class with my cousin a bit at the back. It was a large lecture hall and soon it was packed to capacity, my cousin told me the maths honours guys had also joined in. Sharp at 10 AM Shashi accompanied by the Principal trudged in. After a few words of welcome by the Principal Father Gomes, the class was handed over to Shashi.

P. S. Rashtrawar

It was the year 2015 the fresh class of MBA at Jamnalal Bajaj, Mumbai trudged into the Bajaj lecture hall with a seating capacity of 125. There were around 75 of us. I had done my Economics Honours from St Stephen's, Delhi and passed with distinction and a university rank. I wanted to make a mark in the MBA course and subsequent corporate role. Though introduction session had taken place, we were not well conversant with our batch mates.

The first session was on Business Economics and I felt I would leave a good first impression. The professor went into financial, market-related, and organisational issues he touched on demand analysis and forecasting, cost and production analysis, pricing decisions and strategies. I along with some students actively contributed in the discussions. At the end the Professor asked anyone would like to say something. A dark slim boy got up and said that the entire discussion was superfluous if environmental impact is not accounted for. Professor asked him to elaborate. He expressed that the industrial, consumption growth was taking place without properly protecting the environment as very feeble attempts were being made by international bodies as well as the govt. The entire class was stunned by the naked truth.

How the hell had I missed the point. The Professor commented that he had purposely left environment as a point. The bottom line of a company has to be viewed only after taking the impact on environment.

I being smart and well turned out tall girl. I was quite popular amongst the students and especially the male students were all the time eager to talk to me. By this time a group of outstanding students had established themselves in the class I was one of them. The tall dark guy who was Shashi Menon was in the forefront. He never raised his hand in the class but the professors were well aware of his brooding presence. Many a times the professors would ask his opinion and he would always come out with out of the box perspectives. He pointedly ignored me whenever we came across each other. I was most eager to talk to him but this bugger never gave an inch to me. He was friendly with a Malayali girl with whom he used to converse in Malayalam. Finally I broke the barrier and introduced myself as Shefali. But again a lull, my effort towards friendship was a far cry. I used to hate him for his attitude. After sometime I just gave up. He was friendly with few Tamil and Malayali students and used to converse openly with them in their mother tongues. I labelled him a parochial guy. But my insides always craved for closeness to him. He was a Maths Honours graduate from St Xaviers, Mumbai. He was a brilliant guy and with his maths background he used to breakup things into very simple variables. The professors used to adore him.

As the semesters passed, it became clear that I was amongst the front runners. Shashi never scored highest. He barely used to manage to be in the first fifteen.



#LOVE STORY

But when the answer papers were discussed the highest scorers were ignored and it was Shashi's solutions which were discussed for novelty and brevity. The professors used to say his answer papers used to be almost half that of other students.

It was placement season, everyone was eager to get consultancy or FMCG jobs. I got into Bain and was delighted. Everybody was curious to find out about Shashi, it transpired he was picked up by McKinsey. Once the farewell function was over, we joined our jobs one by one. The placement committee of the college received a stern letter that Shashi had not joined on the appointed date. Later it turned out, he had turned down the offer and went and joined BBC as a business correspondent. We all concluded, he was an incorrigible fool. As we settled into our jobs, we got busy. There used to be small get togethers with our batch mates in Mumbai. Sometimes, Shashi was also approached but he never turned up. We had phone numbers of each other who were in Mumbai. One day at 10.30 in the night there was a phone call. It had been a tiring day. I was feeling very sleepy and was thinking of ignoring the call. Suddenly my eyes fell on the screen and I jumped up it was Shashi's call. He was having a problem in understanding the monetary policy stance of RBI and wanted my help. I was flattered.

We decided to meet the next evening at a restaurant. I had studied the problem in detail and made notes for him. At the restaurant as was his wont he came wearing black trousers, a white bush shirt and sandals looking like a typical intellectual. He went through my papers and asked few questions. When the waiter came he asked whether there was filter coffee available. We had to settle for whipped coffee and sandwiches. He asked me about my work. He kept silent about his work. He was reading Immanuel Kant these days. I had no clue about him. It was time to leave, he thanked me for the work I had put in and mentioned that I must have put 2-3 hours work for him. I was startled by his accurate estimation. The finale was when he shook hands with me. He helped me waive a cab and left. As I settled into the cab, I was caressing my right hand as if it had turned into a precious material. I smiled to myself at my breaking through the impenetrable Shashi. After all he too was human.

I wanted to meet him more but that was not happening. I got busy with my work, I had rented an apartment in Bandra. He used to live with his parents in Matunga. My office was in BKC. He used to operate from home. Time flew past, I met him few times more. I had a cousin studying economics honours in St Xaviers. He one day asked me if I knew Shashi Menon. I said yes, he was my batch mate. He said sometimes, he took their class and was always escorted by the Principal who would sit in the class throughout the period. He described him as brilliant. I was fascinated how he was taking a pure economics class. I told my cousin that I too wanted to attend one of his classes. After few days my cousin called that Shashi was taking the class next day in the morning. I dressed like a student and went and sat in the class with my cousin a bit at the back. It was a large lecture hall and soon it was packed to capacity, my cousin told me the maths honours guys had also joined in. Sharp at 10 AM Shashi accompanied by the Principal trudged in. After a few words of welcome by the Principal Father Gomes, the class was handed over to Shashi.

He said as the students were well aware of supply and demand, he would just elaborate on the subject. He started with the basic supply and demand equation and slowly moved towards the detailed mathematics of it. After some time the entire board was full of equations and calculus. The class was midway when he ended. After which, he asked the class what they thought about supply and demand in Indian economy. Few answers came. Slowly he drew the conversation towards the poor demand from the underprivileged section of Indian population. He expatiated on the matter further and said that we cannot leave the needs of the poor to supply and demand, they will be further crushed if that was done. We have to do something so that demand is created amongst the lower levels of society. He talked about the role of govt and corporates. Last he said that it was the duty of every well off person to give some employment to say personal servants and pay them well, give some money to the beggars everyday. Not to wait, the time had come to do something. The class was flabbergasted and the entire class stood up at the end and clapped. I was an ambitious person proud of my education but I felt so small in front of this Shashi. My cousin pulled me towards him, suddenly I was right there in front of him. He was surprised to see me there. He was genuinely happy and asked me if I would wait for few minutes for him. I thought to myself that the fool does not know that I could wait for whole life for him. I was definitely in love with him.

We went to a nearby cafe and had some coffee and then got into a cab as I had to get back to office. He got down at Mahim. After that I called him a few times and we had short conversations. Few months passed, I was thinking of giving up on him due to his disinterest. Suddenly out of the blue he called one day and asked me if I would accompany him to an Indian classical music program where Kaushiki Chakraborty was performing, this was to start at 4 O clock. There was no way I could make it as I was in midst of finalising a report for an important client. I sadly informed him about the state of affairs. He was insistent anyway but I had to say no. I wanted to go but it was foolhardy to ask my boss Mr Chopra who was the youngest director of the company. He was an accomplished person with degrees from Princeton and Harvard. He was just 33 years old. He had one day asked me about my background and he used to show a bit more interest in me than for a normal junior. But he was a hard taskmaster. He was directly monitoring the report which I was doing. Next day at around 3 o clock Mr Chopra called me. I was falling a bit behind in my work and was contemplating what to say. As I entered his cabin, I found Shashi seated and having coffee. Both were engaged in a conversation. Mr Chopra waived at me asking me to sit down. Then he turned towards me and said Shashi wants to take you to a musical concert. And asked me how much more time was required to wrap up the assignment, I apprised him that I required another half a day. He suggested that I may go with Shashi and complete the work by tomorrow by lunch by coming early tomorrow. He got up to escort Shashi out of the room when he said could anything be done to make him join Bain, he just smiled and said he'll think over it.

I was just perplexed at this Shashi, how was he so pally with Chopra. On top of that, he had the audacity to come to my office and ask for me to go with him and that too for a musical program. I asked him how did he know Chopra, his reply was laconic that he knew him through father Gomes. I knew there was no point discussing further with him. I was hardly interested in Hindustani classical music but I wanted to spend more time with him. He was becoming more and more enigmatic to me. Today he was in a good mood and after the program he suggested let's go to a restaurant for dinner. He ordered a bottle of beer for himself and I ordered a glass of red wine. As the beer went into him, he gradually opened up and started talking about his life and even was eager to know more about me. He started talking about his new found interest in ancient philosophers especially Seneca. We were not very far from Matunga and it was around 8 O clock. He suggested that I meet his parents. By 8.30 we had reached his place.

To be continued...

rajeshsharma1049@gmail.com

#SERVICES

Making Flying Less Terrible

"The ultimate goal is to help inform these airlines about what the customer is actually thinking," Srinivas says.

Researchers used artificial intelligence to identify where airlines fall short in terms of customer satisfaction and what they can do to improve flying. The name of the game is customer satisfaction, especially in the airline industry where companies are constantly jockeying for business by promising better service than their competitors.

Sharan Srinivas, an assistant professor with a joint appointment in the industrial and systems engineering department and marketing department at the University of Missouri used AI to analyse nearly 400,000 unique, publicly available customer reviews of six airline companies throughout the United States. After sorting through the customer reviews information, he developed algorithms that identified the most common themes discussed in the reviews and then determined the customer's sentiment (positive or negative) toward each of the identified themes, allowing airlines to potentially gain a better understanding of their customers' perspective and experience. The results, published in the Annals of Operation Research, showed most of the negative feedback involved lost luggage, uncomfortable seating, and flight cancellations; while customers felt most positively about in-flight entertainment, ground and cabin staff service, and service in first- and business-class seating.

BASED ON THIS FEEDBACK, SRINIVAS POSITED 11 RECOMMENDATIONS TO IMPROVE THE CUSTOMER EXPERIENCE:

1. Implement more flexible seating arrangements to improve comfort.
2. Automate the disinfecting process for bathrooms in the plane.
3. Redesign overhead baggage bins.
4. Implement a more personalized cabin environment through seat height and temperature adjustment capabilities.
5. Use analytical models to optimize flight schedules and time buffer between flights.
6. Use an artificial intelligence-based approach to monitor equipment health.
7. Introduce a more flexible booking policy (i.e., no cancellation charge, no change fee, upfront information about costs).
8. Provide ticketing agents with better task clarifications, performance-based feedback, and social praise to better improve morale and interactions with customers.
9. Install more accurate luggage tracking systems by using RFID tags in lieu of regular barcode tags.
10. Provide more frequent and automated baggage-related updates to passengers' phones.
11. Use biometrics and block-chain technology to remove the need to present several identification documents at multiple checkpoints. This would eliminate the need for passengers to show a boarding pass, passport, and ID.

Airlines can use this information to determine their next steps as a company, Srinivas says.

"The ultimate goal is to help inform these airlines about what the customer is actually thinking," Srinivas says. "It's impossible to hear every customer and potential customer's voice, especially for bigger airlines, but our software and recommendations will significantly assist the airlines in thinking about things from a consumer perspective." A 2017 incident involving United Airlines inspired Srinivas to pursue this research.

A United Airlines security representative dragged a passenger off a plane when he refused to leave because the flight was overbooked. United Airlines officials said they chose the passenger at random, yet the amount of outrage that poured in via customer review and on social media was staggering.

Consequently, it was challenging for United Airlines to sift through all the customer feedback. Srinivas says the new study's AI software would allow companies like United Airlines to sort through customer feedback and more quickly respond to issues when they arise.

"Using our proposed approach could allow companies to digest textual information in a much more automated and streamlined manner," Srinivas says. "Without an automated process, it would be much more challenging and time consuming to look at each individual review and come away with something that airlines can use to improve their business."

While stakeholders and employees may have a better understanding of how the business works, Srinivas says that when it comes to the product-air travel in this case-knowing your customers is key.

"The users of a product are the ones that can give you the best insight on what needs to be improved," Srinivas says. "They are the target audience. They are the ones using the product with limited bias and there's a lot of untapped insight in what they are saying."

Srinivas has used different versions of artificial intelligence to track customer approval in many different industries, including insurance, adaptive clothing, and colleges. Srinivas says it can be used to interpret doctor's notes and patient reviews as well.

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman

रेजीडेंट डॉक्टरों ने पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया, सरकार से वार्ता विफल

जेएलएन अस्पताल की व्यवस्था चरमराई, लंबी कतारों में लगे मरीज हो रहे परेशान

अजमेर, (कासं)। अस्पताल में सुरक्षा सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से रेजीडेंट डॉक्टरों का दो घंटे का कार्य बहिष्कार आंदोलन रविवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार में बदल गया। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई। अस्पताल आने वाले मरीजों को और ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ओपीडी में लंबी कतारें लगी हुई है। लंबी हड़ताल के चलते अस्पताल में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और जूनियर रेजीडेंट ने मोर्चा संभाल रखा है। अस्पताल प्रबंधन ने सभी कार्मिक की छुट्टियां निरस्त कर दी है। यहां उल्लेखनीय है कि जेएलएन अस्पताल में करीब 250 रेजीडेंट कार्यरत हैं।

रेजीडेंट डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच हुई वार्ता विफल के बाद रविवार से रेजीडेंट डॉक्टरों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। रेजीडेंट डॉक्टरों का कहना रहा कि अब जब तक उनकी मांगों पर सरकार कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती तब तक रेजीडेंट पूर्ण कार्य बहिष्कार पर रहेंगे।

अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने नारेबाजी की।

- हड़ताल के चलते अस्पताल में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और जूनियर रेजीडेंट ने मोर्चा संभाला

हालांकि इससे मरीजों को परेशानी होगी, जोकि वह भी नहीं चाहते, लेकिन सरकार रेजीडेंट डॉक्टर्स के प्रति असंवेदनशीलता दिखा रही है। इसलिए मरीजों को होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या की पूर्ण रूप से जिम्मेदारी सरकार एवं अस्पताल प्रबंधन की होगी। कार्य बहिष्कार के चलते अस्पताल आने वाले मरीजों की समस्याएं और बढ़ गई है। मौजूदा हालत और बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला गया तो स्थिति और विकट हो सकती है। मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द समस्या का समाधान निकाल कर आम जनता को राहत दी जाए।

अजमेर संभाग का सबसे बड़ा जेएलएन अस्पताल है, यहां शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज इलाज के आते हैं। मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से खासकर डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर और सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होने से अस्पताल की आउटडोर व्यवस्था भी पूरी तरह लडख़ड़ा गई है। इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने बताया कि अस्पताल के सभी प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, जूनियर रेजीडेंट आदि सीनियर डॉक्टर्स के साथ मिल कर चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने में अपनी सेवाएं देंगे। नर्सिंग स्टाफ को भी पाबंद करते हुए दिशा निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल स्टाफ की छुट्टियां भी फिलहाल रद्द कर दी गई हैं और उन्हें बिना सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए पाबंद किया है। रविवार के चलते दो घंटे का आउटडोर रहा। फिर भी मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

झुंझुनूं में एक बार फिर भाजपा में बगावत देखने को मिली

बबलू चौधरी ने निवास पर मन की बात कार्यक्रम के तहत समर्थकों को सम्बोधित किया।

- भाजपा नेता बबलू चौधरी ने बगावत का ऐलान किया, 23 को नामांकन दाखिल करने की बात कही
- अब राजेन्द्र भांबू और बबलू चौधरी एक-दूसरे के लिए परेशानी बने

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं में एक बार फिर भाजपा में बगावत देखने को मिली है। लगातार चौथा चुनाव होगा, जब झुंझुनूं विधानसभा में भाजपा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को बगावत का सामना करना पड़ेगा। इस बार भाजपा नेता बबलू चौधरी ने बगावत का ऐलान करते हुए 23 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करने की बात कही है। इससे पहले कल टिकट घोषणा के बाद पार्टी के निर्णय के विरोध में करीब तीन दर्जन से अधिक बूथ अध्यक्षों व शक्ति केंद्र प्रभारियों के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी से इस्तीफे देकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे।

रविवार को बबलू चौधरी के निवास पर मन की बात कार्यक्रम के तहत समर्थकों का संवाद हुआ। जिसके बाद बबलू चौधरी ने 23 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करने का ऐलान किया। इस मौके पर बबलू चौधरी ने कहा कि गलत फीडबैक देकर उनकी टिकट का कटवाया गया है, लेकिन वे अपनी ताकत ईवीएम के जरिए दिखाएंगे। साथ ही वे खुद भी चाहते हैं कि जिस मनोयोग से उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए और कार्यकर्ताओं के लिए काम किए हैं, उसकी टेस्टिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टिकट का फैसला करने में पार्टी ने किसी की राय नहीं ली, जिस तरह कल दो बागियों को टिकट दिया गया है, उससे कार्यकर्ता आहत हुआ है। यह ट्रेंड और स्टाइल भाजपा के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हम दिखाएंगे कि राज से नहीं, बल्कि जनता से चुनाव जीता जाता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व आएगा और कार्यकर्ताओं से बात करेगा तो भी विचार किया जाएगा।

इधर, उप चुनावों को लेकर गत दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा झुंझुनूं के नेताओं के साथ चुनावी चर्चा की गई थी। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ साफ शब्दों में कहा था कि इस बार बगावत करने वालों की खैर नहीं होगी। बगावत करने वाले परिणाम भुगतने को तैयार रहे। बावजूद इसके इस चेतावनी का असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल भी अपने झुंझुनूं के दौरान अपने भाषणों में कह चुके हैं कि एक को टिकट मिलती है तो दूसरा बागी हो जाता है, इसे छोड़ना होगा। साथ ही अलग-अलग स्वागत की परंपरा को भी बंद करना होगा, लेकिन इन सब नसीहत और चेतावनी का असर होता दिखाई नहीं दे रहा है।

नामांकन पत्र जमा कराने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। लेकिन लगता है कि नामांकन दाखिल करने का सबसे बड़ा दिन 23 अक्टूबर होगा। बबलू चौधरी ने 23 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की घोषणा कर दी है। वहीं कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार के समर्थकों के अलावा भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भांबू के भी 23 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की चर्चाएं है। हालांकि कांग्रेस और भाजपा ने अभी अपनी अधिकृत घोषणा नहीं की है।

इधर, भाजपा नेता बबलू चौधरी को मनाने के लिए भाजपा के पास 10 दिन है। चूंकि नामांकन वापिस लेने की तारीख 30 अक्टूबर है, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। हालांकि बबलू चौधरी पीछे हटेंगे, ऐसा माना नहीं जा रहा। फिर भी भाजपा पूरी कोशिश करेगी कि झुंझुनूं सीट को जीतने के लिए बबलू चौधरी को मनाकर भाजपा एकजुटता के साथ चुनाव लड़े।

महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा

अजमेर, (कासं)। जिलेभर में करवाचौथ के व्रत को सुहागिन महिलाओं ने धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने व्रत के दौरान चांद देखने से पहले न तो अन्न का प्रयोग किया और न ही जल का। पति की लंबी उम्र की कामना के चलते किए जाने वाले इस व्रत को लेकर महिलाओं में सजने संवरने की भी होड़ लगी रही। इस दौरान अनेक रूप से एकत्रित होकर व्रत की स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक कथा सुनी।

3.50 रु. की लूट का आरोपी गिरफ्तार

करौली, (नि.स.)। मासलपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में गत 5 दिन पूर्व बैंक मित्र के साथ 3.50 लाख रुपए की हुई लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

करौली जिले के मासलपुर डाग क्षेत्र के रोहर घाटी में बैंक मित्र बीसी के साथ गत 5 दिन पूर्व लूट की वारदात को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए मासलपुर थाना पुलिस टीम ने लूट के आरोपियों तक पहुंची और लूट के चार साथी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल हुए। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गत 14 नवंबर को रिंकू सिंह पुत्र रामफूल माली निवासी काछीपुरा ने मासलपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि वह 14 अक्टूबर को बैंक ऑफ बड़ौदा मासलपुर से 3.50 लाख रुपए निकलवाने आया था शाम चार बजे रुपए निकलवाकर मोटरसाइकिल पर रूपयों के बैग को रखकर गांव जा रहा था। मासलपुर जीएसएस से आगे पहुंचा। उधर हनुमान मंदिर की ओर से एक मोटरसाइकिल आई जिस पर तीन जने सवार थे। तीनों ने ही मुंह पर नकाब बांध रखा था।

मोटरसाइकिल से उतरकर आए और उनके हाथों में देसी कट्टा बंदूक थी जिन्होंने मेरे ऊपर तान दी और मेरी मोटरसाइकिल को पटक दिया और मेरे बैग को जबरदस्ती से छीनकर ले गए। घटना को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए मात्र 5 दिन में साइबर टीम के सहयोग से मासलपुर थाना पुलिस ने आरोपी देशराज पुत्र मनोरी जाटव निवासी नगला माधौपुर जिला अलवर, दिग्विजय सिंह उर्फ डिग्गो पुत्र नेहरू सिंह गुर्जर निवासी नगला माधौपुर, श्यामवीर सिंह उर्फ सत्या पुत्र सोहनसिंह गुर्जर निवासी नृसिंहपुरा थाना हिण्डौन एवं रामनारायण उर्फ रामू पुत्र लाखन सिंह गुर्जर निवासी बगलापुरा थाना सदर हिण्डौन को गिरफ्तार किया।

गाय का बीफ के शक पर गोरक्षकों ने पिकअप पकड़ी

पुलिस ने मौके पर जाकर पिकअप की जांच की और कब्जे में लिया।

पावटा, (निसं)। जयपुर से गाजियाबाद पिकअप में मांस भरकर ले जा रहे एक पिकअप चालक को बावड़ी पावटा में क्षेत्र के गोरक्षकों ने पीछा करते हुए शक के आधार पर पकड़ लिया। गोरक्षकों को शक था कि गाड़ी में गोवंश का मांस भरा गया है। वहीं गोंरक्षकों सहित युवाओं व ग्रामीणों की सूचना पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा मांस से भरी पिकअप को कब्जे में लिया। वहीं पिकअप चालक व उसके साथी को भी पूछताछ के लिए थाने लेकर आये।

गोभक्त रूपसिंह, प्रह्लाद सैन, नितेश शर्मा, प्रिंस मिश्रा, बजरंग सिंह बड़नगर व उनकी टीम, गोरक्षक जलेंधर यादव, नरेंद्र गुर्जर, मनमोहन यादव, रवि यादव सहित बड़ी संख्या में मौजूद गोरक्षकों ने बताया कि एक पिकअप में भारी मात्रा में गो माँस ले जाने की सूचना पर जयपुर की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी, जिसमें से सड़क पर खून भी बह रहा था। गोरक्षकों को शक हुआ कि इस पिकअप में बीफ भरा हुआ है, जिस पर गोरक्षकों का शक गहराया तथा पिकअप चालक को पकड़ लिया। मामले की सूचना पाकर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। गौरक्षकों को आशंका थी कि पिकअप में बीफ लदा हुआ है। मामले को देखते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार द्वारा मांस से भरी पिकअप को कब्जे में लेकर मांस को जांच के लिए प्रागपुरा थाना पहुंचाया। जहां पशु चिकित्सकों की टीम मांस के सैंपल लेकर जांच में जुटीं है। पकड़े गए पिकअप ड्राइवर असिम खां ने बताया कि वह जयपुर चैनपुरा से भैंस का मांस भरकर गाजियाबाद में सप्लाई करने के लिए जा रहा था। इस दौरान प्रागपुरा थाने में चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि मदन, बद्री प्रसाद चौहान सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या मे गोभक्त, युवा व ग्रामीण मौजूद रहे।

वांछित मुल्जिम को डिटेन किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर में दो मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित मुल्जिम को भाबरु थाना पुलिस ने रविवार को डिटेन किया।

जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने दो मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में विराटनगर थाने के वांछित अपराधी रामोतार पुत्र रामजीलाल निवासी ढाणी गेसकान को डिटेन किया जाकर थाना बांसुर को सुपुर्द किया गया। भाबरु थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि थाना विराटनगर पर 25 मई को एनडीपीएस एक्ट मे मामला पंजिबद्ध हुआ था।

बजरी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाने में खड़ा करवा दिया।

निवाई, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। पुलिस ने रैकी कर रही एक कार को भी जब्त किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान एक बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को प्रताप स्टेडियम के सामने से व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को आदित्य प्लाजा के पास से जब्त किया है। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस थाने में खड़ा करवा दिया है। इस प्रकार पुलिस ने बोरंगी में जालंधरनाथजी की पाल पर पैसों पर दांव लगाकर ताश पत्ती खेलते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दामोदर पुत्र सूरजमल जैन निवासी वार्ड नम्बर 15 चौहटी बाजार व कन्हैयालाल पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी भूखा की ढाणी, ढाणी जुगलपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से मौके पर 2990 रूपए जब्त किए।

मावली। सनातन गौ-सेवा संस्थान मावली द्वारा गोवंश जन जागरूकता अभियान के तहत मावली की सांस्कृतिक धरोहर और स्वाभिमान के प्रतीक ''बाईजी राज की बावड़ी'' को प्रथम चरण में बाहर एवं अंदर से साफ किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को नया रूप देना और इसे स्थानीय सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है।

देवनानी ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को कचहरी रोड नाला व सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सालों पुराने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम टीम को शाबासी दी एवं शहर के लोगों से अपील की कि वे अजमेर के नव निर्माण में साथ आए। उन्होंने आगरा गेट से अग्रसेन सर्किल सड़क का भी निरीक्षण किया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर अफसरों को फटकारा और सुधार के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार दोपहर कचहरी रोड़ नाला व सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां नगर निगम आयुक्त देशलदान ने उन्हें बताया कि गांधी भवन चौराहे से बंगाली गली तक कुछ दुकानदारों ने नाले पर अतिक्रमण कर दुकानें बना ली थी। इस कारण मुख्य नाला बंद हो गया था और सड़क पर बरसाती पानी भर रहा था। नाला बंद होने के साथ ही सड़क भी काफी संकरी हो गई थी। इसी तरह बंगाली गली से ब्रह्मपुरी नाले तक भी सड़क पर कई दुकानदारों, होटल व अन्य लोगों ने अतिक्रमण कर रखे थे।

अज्ञात कारणों के चलते खेत में आग लगी

आग लगने से खेतों में रखा चारा जल गया।

कोटपूतली, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोरधनपुरा चौकी स्थित कुम्हारों की ढाणी में रविवार को अज्ञात कारणों के चलते खेत में रखी कड़बी में आग लग गई। जिससे करीब एक दर्जन किसानों की 1300 मण कड़बी जलकर राख हो गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने के काफी परेशान किये, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पावटा नगर पालिका, नगर परिषद कोटपूतली व अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी से दमकल की गाड़ियों ने आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आगजनी से किसानों का लाखों रूपयों का नुकसान हो गया एवं पशुओं का चारा जलकर राख हो गया। किसानों की बाजरे की कड़बी व ईंधन की लकड़ी जल गई। वहीं आगजनी से आसपास बने मकानों में भी नुकसान हुआ है।

कुंड में गिरने से किशोर की मौत

सादुलपुर, (निसं)। मानपुरा गांव की रोही में पानी के कुंड में गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि सुभाष मेघवाल (34) निवासी मानपुरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 19 अक्टूबर को उसके छोटे भाई कृष्ण कुमार का पुत्र अभिषेक खेत में फसल में काम करवाने के लिए गया था। खेत में उसके पिता कृष्ण कुमार तथा माता सुमित्रा भी काम कर रहे थे तथा पास में ही वह भी काम कर रहा था। उसकी पत्नी सुमन भी वहीं पर थी। तभी अभिषेक खेत में बने पानी के कुंड में पानी लाने गया तथा पानी निकालते समय अचानक पैर फिसल गया और संतुलन बिगडने के कारण अभिषेक पानी के कुंड में गिर गया तथा पानी में डूब गया। जिसके बाद वह तथा उसकी पत्नी व उसका भाई तथा उसकी पत्नी ने कुंड में जाकर देखा तो अभिषेक पानी में डूब गया तथा गांव में के लोगों को मौके पर बुलाया तथा अभिषेक को पाने के कुंड में निकालकर उपचार के लिए राजगढ़ अस्पताल में ले जाते समय बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद फायरिंग, एक घायल

फायरिंग में गम्भीर अस्वथा में एक घायल को जयपुर रैफर किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीलोदा थाना क्षेत्र के छोटी उदेई गांव में रविवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग का मामला सामने आया है। फायरिंग में एक युवक के पैर में गोली लगने से वह गंभीर घायल हो गया। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई। बाद में घायल को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लेकर आए, जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

घायल मुनीराज मीणा पुत्र कैलाश चंद निवासी छोटी उदेई ने बताया कि वह सुबह साढ़े दस बजे घर पर पुताई का काम कर रहा था। इस दौरान महेन्द्र जोगी सहित चार लोग गाड़ी में बैठकर आए और इतने में ही उन्होंने पहले तो हवा में फायरिंग की। बाद में मारपीट कर उन्होंने उसके ऊपर फायरिंग कर दी। जिससे उसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया।

- पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग जगह पर टीम को भेजा

बदमाश इसे गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे, लेकिन यहां गंगापुर लड्डू राम बाबा की समाधि के पास में जोगीकापुरा में सड़क पर गिट्टियां पड़ी होने के कारण गाड़ी इसमें फंस गई, जिसके कारण बदमाश गाड़ी में घायल को छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर उदेई मोड़ थाना पुलिस जोगीकापुरा में पहुंची और पुलिस ने कार को जब्त कर ली। वहीं घायल को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां मुनीराज मीना की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भी जिला अस्पताल में पहुंचे।

पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग जगहों पर टीम को रवाना कर दिया है। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

बोरिंग खोदते समय मिट्टी धंसने से चार मजदूर दबे, तीन को बचाया, एक की मौत

मशीन से बोरिंग खोदते समय पास में ही पुराने कुएं की मिट्टी धंसने से हादसा हुआ

गंगापुर सिटी, (निसं)। वजीरपुर उपखंड के मीना बड़ौदा गांव में शनिवार रात मशीन से बोरिंग खोदते समय पास में ही पुराने कुएं की मिट्टी धंसने से यहां काम कर रहे चार मजदूर दब गए। एक मजदूर की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। तीन मजदूरों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। एक मजदूर के पैर और आंख में चोट आई है। हादसे की सूचना पर वजीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक को वजीरपुर हॉस्पिटल लाया गया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मीणा बड़ौदा गांव में मशीन से बोरिंग की जा रही थी। साथ ही पास में ही पुराने कुएं को जेसीबी से मिट्टी डालकर भरा जा रहा था। इसी दौरान अचानक मिट्टी धंस गई, जिसके कारण यहां काम कर रहे पिंटू (31) पुत्र छुट्टन लाल मीणा निवासी परीता सहित तीन अन्य मजूदर मिट्टी में दब गए। चार मजदूरों के मिट्टी में दबने से आसपास में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

गंगापुर सिटी में राजकीय चिकित्सालय के बाहर भीड़ जमा हो गई।

बाद में जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी में दबे चारों लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया गया। इस दौरान रात करीब साढे 12 बजे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि पिंटू काफी देर तक मिट्टी में ही दबा रहा। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

मजदूर हंसराज मीणा ने बताया कि वे चार लोग बोरिंग पर काम कर रहे थे। अचानक से मिट्टी धंस गई और सभी मिट्टी में दब गए। पिंटू मीणा सबसे

- **मिट्टी में दबे चारों मजदूरों को बाहर निकालने के लिये जेसीबी से खुदाई कर रेस्क्यू शुरू किया**

नीचे दब गया था। उसको निकालने में ज्यादा समय होने से उसकी मौत हो गई। इनमें से एक मजदूर के पैर और आंख में चोट आई है। परिजन काडूराम मीणा ने बताया कि उन्हें पिंटू के मिट्टी में दबने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो गई थी। पिंटू के माता-पिता नहीं हैं और न ही उसके कोई जमीन है। पिंटू के तीन छोटी-छोटी लड़कियां हैं। वजीरपुर थाने से पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एएसआई संतोष शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से मीणा बड़ौदा में मिट्टी में एक व्यक्ति की दबने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर शव को अस्पताल में रखवाया। परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

ई-मेल भेजकर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

पुलिस और सीआईएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे, एयरपोर्ट पर विमान की तलाशी ली

जोधपुर, (कास)। पुणे से जोधपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस और सीआईएस एफ के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर विमान की तलाशी ली गई।

डीएसपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पैसेंजर के सामान की तलाशी ली गई, इसमें अभी कोई विस्फोटक सामान नहीं मिला है। एजेंसियों को सूचना दे दी गई है। फ्लाइट को आगे रवाना करने की तैयारी की जा रही है। बम निरोधी दस्ते और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया था।

- **'पैसेंजर के सामान की तलाशी में अभी कोई विस्फोटक सामान नहीं मिला, एजेंसियों को सूचना दी'**

जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट अथॉरिटी को इंडिगो की फ्लाइट 6133 को बम से उड़ाने का ई-मेल आया था। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयरपोर्ट थाने को सूचना दी। बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सीआईएस एफ के जवान भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। इसकी सूचना मिलने के बाद तुरंत ही फ्लाइट को आइसोलेशन-वे में लैंड करवाया गया। धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई। यह फ्लाइट पुणे से सुबह 11:50 पर रवाना हुई थी। दोपहर 1:07 पर जोधपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी। इसी बीच एयरपोर्ट प्रशासन को फ्लाइट में बम होने की सूचना मिली। इससे पहले किशनगढ़ एयरपोर्ट पर 19 अक्टूबर को स्टार एयरलाइंस के विमान में बम की सूचना मिली थी।

अजमेर में मिठाई की दुकान पर छापा, 200 किलो खराब मिठाई जब्त

खाद्य विभाग की टीम को मिठाई की दुकान में चासनी में कीड़े, मकड़ी, कॉकरोच रेंगते मिले

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मिठाई की दुकान से सैंपल लिये।

अजमेर, (कासं)। शहर में दिवाली के मौके पर मिलावटी मिठाई बेचे जाने से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों ने शहर की सुप्रसिद्ध मिठाई की दुकान मूलचंद बुद्धामल हलवाई के यहां छापेमारी की और 200 किलोग्राम अंगूरी पेठा, काजू कतली, गुलाब जामुन सहित अन्य खराब मिठाई को जब्त कर नष्ट करवाया गया। वहीं कुछ मिठाइयों के सैंपल्स को टेस्ट के लिए भी भेजा गया है। यहां तक की अंगूरी मिठाई के चासनी में कीड़े तैरते हुए मिले।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील कुमार चोटवानी ने बताया कि दीपावली के त्यौहार पर बाजार में मिलावटी खोवा व केमिकल से बनी मिठाईयों का जोर रहता है। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा के निर्देश पर मिलावटी मिठाइयों पर रोकथाम के उद्देश्य से रविवार को पुरानी मंडी स्थित शहर की जानी-मानी मूलचंद बुद्धामल हलवाई की दुकान पर छापा मारा। मिठाई की

- **खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मिठाई की दुकान मूलचंद बुद्धामल हलवाई के यहां छापा मारा**

दुकानों में रखी मिठाईयों के नमूने लिए। जहां आम जनता को बेचने के लिए तैयार किए गए गुलाब जामुन, अंगूरी पेठा एवं चासनी को खुले में बिना ढके रखा हुआ था जिसमें मक्खियां, मकड़ी, मच्छर, छोटे-छोटे कॉकरोच आदि तैर रहे थे। काजूकतली, लड्डू एवं कचौरी पुराने एवं खराब हो चुके थे। सभी मिठाइयों आदि को एकत्रित कर नष्ट करवाया गया, सोहन हलवा, मक्खन बड़ा एवं अन्य मिठाइयां तैयार करने में उपयोग में लिए जा रहे घी की गुणवत्ता में कमी का अंदेशा होने पर घी का नमूना लेकर प्रोपराइटर अमित गुप्ता को शेष बचे लगभग 45 किलो घी को उपयोग में नहीं लेने हेतु पाबंद किया गया।

डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि मौके से सोहन हलवा एवं मक्खन बड़ा के सैंपल भी लिए गए। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट में कार्यवाही की जाएगी। परिसर में छोटी सी पुरानी जगह पर अत्यधिक गंदगी में अनहाइजीनिक तरीके से मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। कारखाने में कार्य कर रहे स्टाफ का मेडिकल फिटनेस एवं पेस्ट कंट्रोल भी नहीं करवाए गए थे। टीम ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया है। फर्म को एक्ट की धारा 32 में इंप्रूवमेंट नोटिस जारी कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्हें मिलावटी मिठाई न बैंचने की हिदायत देते हुए कहा कि दुकानों पर पर्याप्त सफाई रखे व उन्हें खुले में न रखें। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे और भी छापे मारे जाएंगे ताकि लोगों को मिलावटी मिठाइयों को खाने से बचाया जा सके। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, अजय मोयल एवं सहायक राजकुमार इंदौरिया शामिल रहे।

महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं पर चलकर हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं : पूनिया

अजमेर में आयोजित "ऋषि मेला" समारोह में राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने शिरकत की

अजमेर/जयपुर। महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर परोपकारिणी सभा, अजमेर द्वारा आयोजित "ऋषि मेला" समारोह में भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुए, जहां उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया।

ऋषि मेला संत समागम में संत स्वामी ओमानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सतीश पूनियां के अद्भुत पुरुषार्थ और परिश्रम के कारण हरियाणा में जो इतिहास में पहली बार हुआ, तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार लगातार बनी है, जो आज तक किसी पार्टी की नहीं बनी थी, उस महान उपलब्धि को प्राप्त करने में सतीश पूनियां का बड़ा योगदान रहा है। राजस्थान से लेकर हरियाणा तक एक-एक गांव के कार्यकर्ता से सतीश पूनिया जुड़े हुए हैं, भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन में कार्यकर्ताओं और सतीश पूनिया के पुरुषार्थ के कारण राजस्थान से लेकर हरियाणा तक भाजपा की सरकार बनी।

परोपकारिणी सभा की ओर से ऋषि उद्यान में आयोजित समारोह में स्वामी ओमानंद सरस्वती एवं स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती सहित कई वैदिक संत विद्वानों ने संबोधित कर महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद के दिखाए मार्ग पर चलने का आव्हान कर राष्ट्र की उन्नित के लिए कार्य करने

डॉ. सतीश पूनिया का संतों, परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि, मंत्री कन्हैयालाल आर्य, उपप्रधान जयसिंह गहलोत और अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

की अपील की।

डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने हमें अनेक बड़ी सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराया, सामाजिक उत्थान और जन जागरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान था, उनकी शिक्षाओं पर चल कर हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं, महर्षि दयानंद सरस्वती ऐसे महापुरुष हैं, जिनसे वे सर्वाधिक प्रभावित हैं, उनकी शिक्षा सदैव नई पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।

पूनियां ने कहा कि, मैं समाज का ही हिस्सा हूं, जीवन में पढ़ाई करते करते हुए परिवार से संगठन से संस्कार लेते हुए जिन महापुरुषों ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया वह गुरु गोविंद सिंह और महर्षि दयानंद सरस्वती हैं, इन दोनों महापुरुषों के विचारों में साम्यता थी, एक ओज था, प्रतिकूल परिस्थितियों में इन महापुरुषों ने जो देश में जन जागरण की अलख जगाई थी वह अद्भुत थी।

पूनियां ने कहा किपूरी दुनिया में कोरोना से लड़ाई होती है तो आरोग्य के लिए वेद ही दिखते हैं, नाशा भी कोई रिसर्च करता है तो उसका आधार वेद ही होते हैं, आर्य कोई छोटी पहचान नहीं है, इस देश को इस विश्व को श्रेष्ठ बनने के लिए संस्कृति की तरफ लौटने का, पुनर्जीवित करने का कोई आधार है, जिस पर केवल भारत ही नहीं पूरी दुनिया खड़ी होगी, उस आधार का नाम वेद होगा, वैदिक संस्कृति होगी। संतों, परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि, मंत्री कन्हैयालाल आर्य, उपप्रधान जयसिंह गहलोत और अन्यपदाधिकारियों ने सतीश पूनियां का स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर स्वागत किया।

जोधपुर व्यवसाई को हाईकोर्ट से राहत मिली

जोधपुर, (कास)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने राजस्थान में खरीद बिक्री लेनदेन पर महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर पुलिस थाने में दर्ज प्रथम सूचना रपट पर प्रार्थी के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश अरुण मोंगा ने महाराष्ट्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए पुलिस को यह भी हिदायत दी कि इस दौरान प्रार्थी से वीडियो कांफ्रेंसिंग या व्हाट्सएप अथवा जूम या गुगल के जरिए अन्वेषण कार्रवाई की जा सकती है।

जोधपुर निवासी प्रवीण शैली ने अधिवक्ता अनिल भंसाली के माध्यम से आपराधिक रिट याचिका दायर कर कहा कि श्याम अग्रवाल ने राजस्थान में स्थित श्री वल्लभ पित्ती साउथ वेस्ट इंडस्ट्रीज के निदेशक शैली के खिलाफ महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर पुलिस थाने में गत 27 सितम्बर को यह कहकर प्रथम सूचना रपट दर्ज कराई कि उन्होंने इंडस्ट्रीज को वर्ष 2018 से 2021 तक करोड़ों रुपए की रुई की गांठें भिजवाई थी और अभी भी एक करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। अधिवक्ता भंसाली ने बहस करते हुए कहा कि समस्त व्यावसायिक कार्रवाई राजस्थान राज्य में होने के बावजूद अन्य राज्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर पुलिस थाने को क्षेत्राधिकार नहीं होने के बावजूद महज व्यावसायिक लेनदेन के दीवानी मामले में अग्रवाल के महाराष्ट्र निवासी होने से एफआईआर दर्ज कर कानून की घोर अवहेलना की है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज का सालवेंसी प्रकरण राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में चल रहा है सो प्रथम सूचना रपट दर्ज किया जाना कानून के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि प्रार्थी 77 वर्षीय कैंसर पीड़ित हैं और उनके खिलाफ तो व्यक्तिगत तौर पर किसी प्रकार का कोई भी मामला नहीं बनता है।

मंदिर परिसर में वृद्ध व्यक्ति की लाश मिली

मृतक की पत्नी दो पुत्र के साथ आमलीखेड़ा में निवास कर रही थी

सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

भीलवाड़ा, (निसं)। आसींद थाने के अंतर्गत नेगड़िया रोड पर स्थित श्री देवनारायण सगसजी महाराज मंदिर परिसर में एक वृद्ध व्यक्ति की लाश मिली, जिसकी सूचना रविवार सुबह पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से शव की शिनाख्त खातोला निवासी नगजीराम भील (55) वर्ष के रूप में की। वहीं शव 5 से 6 दिन पुराना होने के कारण पुलिस ने बताया कि मृतक के दोनों पुत्र राजू भील एवं कन्यालाल भील की रिपोर्ट के आधार मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

मृतक की पत्नी बाली देवी भील ने बताया कि लगभग 10 वर्षों से उनके पति परिवार के साथ नहीं रहते थे। वहीं दोनों पुत्र के साथ वह ननिहाल आमलीखेड़ा में निवास कर रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि श्री देवनारायण सगसजी महाराज मंदिर आसींद से मात्र दो किलोमीटर दूर है। यहां पर हर रविवार भक्तगण आते हैं। बाकी यह मंदिर बंद रहता है। इस कारण लोगों को पता नहीं चला। वहीं आज सुबह दुर्गंध आने के कारण पुलिस को सूचना दी गई।

सूने मकान से लाखों का सामान व जेवर चोरी

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चयगनंज थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर यहां से 80 हजार नकदी व जेवरात ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब सवा चार लाख रुपए है। चोर यहां लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बीके कोल नगर हनुमान विहार अजमेर निवासी सुरेन्द्र सिंह रावत ने

- **चोर सीसीटीवी के डीवीआर को भी ले गए, पुलिस जांच में जुटी**

बताया कि वह श्री सीमेन्ट रास में कार्य करता हैं। उसके माता-पिता दोनों घूमने बाहर गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। जब बाद में वे लौटे तो चोरी का पता चला। चोर मकान का बाहर का दरवाजा ताला तोड़कर घर में घुसे और एक कमरे का अन्दर के दरवाजे का ताला तोड़ा। चार कमरों में से तीन कमरों की आलमारियों का ताला तोड़ा। चोर यहां से 80 हजार नकद, सोने के दो बिस्कुट कुल 3 ग्राम, सोने का मादलिया 3 ग्राम, सोने की अंगूठी 5 ग्राम, सोने के टोप्स 2 ग्राम, चांदी के 25 सिक्के, चांदी का नारियल 100 ग्राम, सिल्वर मेडल बैंक ऑफ बड़ौदा, चांदी की पायल 7 नग और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब सवा चार लाख रुपए है।

अजमेर नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया

नगर निगम द्वारा पूर्व में 30 दुकानदारों को नोटिस दिया गया था

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम द्वारा रविवार को कचहरी रोड पर नाले पर अवैध अतिक्रमण बने कब्जे को अतिक्रमण मानते हुए हटाने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने स्मार्ट सिटी अजमेर की कचहरी रोड की राह आसान कर दी। निगम के दस्ते ने कचहरी रोड नाले पर किए गए अतिक्रमण पर जेसीबी का पीला पंजा चलाकर अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। नगर निगम द्वारा पूर्व में 30 दुकानदारों को नोटिस दिया गया था। निगम की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल के साथ निगम अधिकारी और उनकी टीम मौजूद रही। इस कार्रवाई में नगर निगम के आयुक्त समेत अधिकारी और पुलिस का जाब्ता मौके पर मौजूद रहा, हालांकि अतिक्रमण की कार्रवाई में किसी भी अतिकर्मी की ओर से कोई विरोध नहीं किया गया।

नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी धर्मेन्द्र आनंद ने बताया कि निगम द्वारा रविवार को सुबह कहचरी रोड पर बनने वाले नाले की जद में आ रहे अतिक्रमणों को हटाने और सड़क को चौड़ा करने के लिए यह कार्रवाई की



अजमेर के कचहरी रोड से जेबीसी से अतिक्रमण हटाये।

गई है। कचहरी रोड़ पर ब्रह्मपुरी से लेकर गांधी भवन तक बनने वाले नाले के निर्माण में कई अतिक्रमण बाधा बने हुए थे, इन अतिक्रमणों के कारण अब तक नाले का काम पूरा नहीं हो सका। वहीं अतिक्रमण के कारण आमजन को इस रास्ते पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

नगर निगम के जेईएन रमेश चौधरी ने बताया कि कचहरी रोड पर नाले के निर्माण का कार्य जारी है, लेकिन वर्षों से नाले को पाटकर अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों के कारण निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी, वहीं आमजन को भी परेशानी

- **कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ निगम अधिकारी और टीम मौजूद रही**

का सामना करना पड़ रहा था। कचहरी रोड पर आए दिन जाम लग रहा था। चौधरी ने बताया कि निगम टीम द्वारा दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दिए गए थे और रविवार को अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस जाब्ते, जेसीबी के साथ मौके पहुंचकर अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

नाले पर से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम टीम बुलडोजर और पुलिस जाब्ते के साथ रविवार सुबह पहुंची। इस दौरान दो दर्जन से अधिक अतिक्रमण हटाए। इससे एक तरफ जहां नाला बनाने में आड़े आ रही बाधाएं हट गई वहीं लोगों की राह भी आसान हो गई। अब जल्द ही नाला बन जाने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। मौके पर भारी पुलिस जाब्ता देखकर अतिक्रमणकारियों ने कोई विरोध नहीं किया।

संक्षिप्त

छात्र-छात्रा बैंड प्रतियोगिता

बौली-बामनवास। स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल सवाई माधोपुर में रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय ऑल इंडिया इंटर स्कूल छात्र-छात्रा बैंड प्रतियोगिता 2024 में प्रिंस लोटस वैली (इंग्लिश मीडियम) एकेडमी स्कूल के बैंड ने छात्र-छात्रा दोनों वर्गों में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह विजेता टीम मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित होने वाली जोनल इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद जोनल स्तर पर प्रथम रहने वाले स्कूल माह जनवरी 2025 में दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

हर्षोल्लास से मनाया करवा चौथ महोत्सव

मनोहरपुर। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास से द्वितीय करवा चौथ मनोहत्सव मनाया गया। जानकारी अनुसार इस द्वितीय करवा चौथ महोत्सव की पूर्व संध्या पर अग्रवाल धर्मशाला गांधी चौक में अग्रवाल महिलाओं द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम आयोजित किए गए इसमें सभी अग्रवाल महिलाओं ने बहुत जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अग्रवाल महिलाओं द्वारा सामूहिक मेहंदी कार्यक्रम हुआ उसके उपरांत विभिन्न प्रकार के गेम्स और नाच गान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मध्य में विभिन्न प्रकार के नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान सभी अग्रवाल महिलाओं ने बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

हीराजी पटेल की ढाणी में हुआ भजन कीर्तन,

निवाई। ग्राम पंचायत रजवास की हीराजी पटेल की ढाणी में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें हरभांवता आश्रम के संत बालकानन्द महाराज, बूढला बालाजी आश्रम के संत रामगोपालदास महाराज व मालपुरा आश्रम संत गोगानन्द महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। भक्तों ने सभी संतों का चादर, शॉल व श्रीफल देकर महाराज का स्वागत किया। गायक कलाकार घासीलाल गुर्जर, श्रीलाल गुर्जर दौलतपुरा व देवनारायण खेडिया भजन मंडली ने कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बद्री गुर्जर, देवकरण गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, कालू गुर्जर, सूरज गुर्जर, सुगन गुर्जर, धन्नालाल गुर्जर, दारा सिंह गुर्जर, अवतार गुर्जर, अंबालाल गुर्जर, रमेश गुर्जर, रामलाल गुर्जर, दुर्गा लाल गुर्जर, रामफूल गुर्जर व प्रहलाद गुर्जर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

चौथ माता की पुजा अर्चना की

सावरदा। सावरदा सहित आसपास के सभी गांवो में रविवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा । महिलाओं ने पुरे दिन जलपान नही किया तथा समूह में बैठकर चौथ माता की पुजा अर्चना कर सुहाग के सामान चुडिया , चुनरी ,सिंदुर , के अलावा मावे से बनी मिठाईया अर्पित कर कहानी सुनकर अपने सुहाग व संतान की लंबी उम्र की कामना की । रात को छलनी से चांद को देखकर अर्ध्य देकर अपने पति का चेहरा भी छलनी से देखकर आर्शिवाद लिया।

मलेशिया में सहायक लीडर कोर्स हेतु चयन

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चौकी गोवर्धनपुरा निवासी जेपी यादव का स्काउट विभाग से मलेशिया में होने जा रहे सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स के लिए चयन हुआ है। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के जिला संगठन आयुक्त शरद कुमार शर्मा ने बताया कि इस कोर्स हेतु ऑल ओवर इंडिया लेवल पर केवल तीन ही स्काउट लीडर्स का चयन हुआ है। जिनमें से राजस्थान से सिर्फ जगदीश प्रसाद (जेपी) यादव चयनित हुये हैं।

महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत

पावटा। बुधवार को करवा चौथ व्रत के माध्यम से धरती के चांद ने निराजली व्रत रहकर आसमान के चांद का दीदार किया और फिर अपने पति रूपी सूर्य की सलामती के लिए मंगलकामनाएं की। सुहागिनों का बहुप्रतीक्षित निर्जला करवा चौथ का व्रत रखकर पति की सलामती एवं उन्नति की कामना की।

जयसिंहपुरा गैंगरेप मामले में धरना दसवें दिन भी जारी

जमवारामगढ़ / जयसिंहपुरा। खोर थाने के बाहर जमवारामगढ़ गैंगरेप मामले में चल रहा धरना प्रदर्शन 10वें भी जारी रहा, जमवारामगढ़ की ग्राम पंचायत लंगड़ियावास कि बेटी के साथ 4 लड़कों ने जिनका नाम कुन्दन मीणा, रामवतार मीणा, गिर्राज मीणा, दीपक मीणा, घर से अपहरण कर गैंग रेप किया था।

यह सारी घटना 9 तारीख रात 12:30 बजे की है और वह बच्ची एसएमएस अस्पताल जिंदगी और मौत के बीच लड़ रही है उस बच्ची को अभी तक होश भी नहीं आया।

भाजपा सरकार का कोई भी मंत्री या विधायक अभी तक धरना स्थल पर नहीं पहुंचा, जिसके कारण पूरे राजस्थान में जगह-जगह आक्रोश रेलिया निकाली जा रही है और आज जिला जयपुर कि आमेर तहसील में ग्राम पंचायत लबाना में सामाजिक कार्यकर्ता रूपनारायण मीणा, पूर्व सरपंच श्रवण शर्मा, पूर्व व्याख्याता रामेश्वर बुनकर, नानगराम नायक, रामदेव रैगर, ओमप्रकाश वर्मा, छित्रमल वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, और भी लोगों के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई।

चंदवाजी थाना अधिकारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया।

- पूरे राजस्थान में जगह-जगह आक्रोश रेलिया निकाली जा रही हैं, आज ग्राम पंचायत लबाना में विशाल रैली निकाल कर चंदवाजी थाने के अधिकारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया

ताकि पीड़िता परिवार को न्याय मिल सके, और गैंगरेप पीड़िता को सरकारी नौकरी व उसके परिवार को उचित मुआवजा मिल सके, विशाल रैली निकालकर संबंधित चंदवाजी थाना अधिकारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया

45 करोड की एमडीआर सडक की मिली स्वीकृति

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए परिवर्तित बजट 2024-25 मे विधायक कुलदीप धनकड की अनुसंशा पर 45 करोड की 30 किमी. लंबी एमडीआर सडक की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई। इस एमडीआर सडक से आस पास के विधान सभा क्षेत्रों एवं राज नौ ता, धोलीकोठी, प्रेम नगर, सितोप पुरा, कैमरिया, टोर डा ब्राह्मणान, रघुनाथपुरा तालुकाबास, खरबूजी, सूरजपुरा, लुहाकणा खुर्द, लुहाकणा कलां, काकराना, रघुनाथपुरा, भैसलाना, सुजातनगर, मीरापुर फार्म, दांतिल, तालवा रोड, सिरसोडी सीकर सीमा तक एमडीआर 228 के सुदृढीकरण एवं चौडाईकरण की स्वीकृति जारी होने से इन गांवो के लोगों को होगा। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि परिवर्तित बजट 2024-25 मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे 45 करोड की 30 किमी. लंबी एमडीआर सडक की स्वीकृति जारी होने से सडको का जाल जायेगा व लोगों को आवागमन मे आसानी होगी।

सार-समाचार

सांडों से आमजन की सुरक्षा को खतरा

सांभरझील। सांभर पर्यटन नगरी में विगत दो दशकों से लावारिस गायों और सांडों को आज भी अपने आश्रय स्थल की तलाश है। सांभर के प्रमुख व्यापारिक स्थल गोला बाजार, सिंधी मार्केट, पुरानी धान मंडी, राजपथ, गोला और रोडवेज बस अड्डा स्थल के आसपास अक्सर इनके बेखौफ घूमते रहने और आए दिन उनकी भिड़ंत से लोगों को अपनी जान का खतरा मंडराता रहता है। दीपावली का सीजन नजदीक है बाजरो में भीड़भाड़ शुरू हो गया है, ऐसे में इन जानवरों से कोई भी हादसा हो सकता है। सद्यिप सरकार की ओर से सांडों को सुरक्षित रखने हेतु गौशालाओं में पृथक से नंदी शाला हेतु बजट आवंटन का भी प्रावधान किया हुआ है, हालांकि इस पर अभी तेज गति से काम तो नहीं हो रहा है लेकिन भविष्य में गौशाला में नंदी शाला के बनने के बाद इनको खुले स्थान से ले जाकर वहां पर रखे जाने के बाद ही लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि विगत सालों में इन सांडों की भिड़ंत की चपेट में आकर राहगीर और बाइक सवार तक चोटिल हो चुके हैं तथा कई लोगों के तो पांव भी फैक्चर हुए हैं। आवारा जानवरों से लोगों की सुरक्षा को बनाए रखना प्रमुख रूप से नगर पालिका प्रशासन का उत्तरदायित्व तो बनता है लेकिन इसे पूरी तरह से गंभीरता से ना तो कभी अधिशाषी अधिकारी की ओर से लिया गया है और न ही आज तक लिया जा रहा है, लिहाजा इनका सरेआम आपसी लड़ाई का नजारा देखने को मिलता रहता है ऐसे में सबसे बड़ी जो दिक्कत आ रही है वह यह है कि बुजुर्ग और छोटे बच्चे जो स्कूल जाते हैं उनके साथ कभी कोई गंभीर हादसा हो गया तो क्या नगर पालिका प्रशासन इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं होगी, ऐसी स्थिति में उन जनप्रतिनिधियों को भी देखना चाहिए कि जिस के लिए आम जनता ने उन्हें वोट देकर नगर पालिका में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा है वह इसके लिए क्यों नहीं बोल रहे हैं। इसके अलावा दोषी तो कुछ हद तक वे पशुपालक भी हैं जो दुधारू गायों का दूध निकालने के बाद उन्हें खुले में इसलिए छोड़ दिया जाता है कि जहां पर लोग उन्हें हरा चारा डालने के लिए आते हैं तो उनका पेट भरता रहे और खुद उनका दूध इस्तेमाल कर अपना फायदा बनाते रहे। ऐसे लोगों को आईडेंटिफाई कर पालिका प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत भी बताई जा रही है ताकि लावारिस और पालतू गायों का भी चिन्हीकरण हो जाए।

2 दिसम्बर को शोभायात्रा

फुलेरा। रामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन में रविवार को माली सैनी समाज संस्था रजिस्टर्ड फुलेरा की एक आम सभा का आयोजन महन्त सत्यनारायण महाराज की अध्यक्षता में किया गया। सभा के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित समाज बन्धुओं ने महात्मा ज्योतिबा फूले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने आम सभा का एजेण्डा प्रस्तुत किया और समाज बन्धुओं से विचार मांगे। वहीं सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्व सहमति से शिव मन्दिर की नवीन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सन्दर्भ में 2 दिसम्बर को शोभायात्रा और कलश यात्रा का आयोजन करने, 3 दिसम्बर को सांस्कृतिक मंत्री बाबूलाल अजमेरा के निर्देशन में कांवड़ यात्रा का आयोजन करने, 3 दिसम्बर को हवन कर नवीन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाने पर सहमति बनी।

लक्ष्मीकांत बने प्रदेश संगठन महामंत्री

मालपुरा। विप्र फाउण्डेशन राजस्थान जॉन प्रथम के प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश चन्द शर्मा ने मालपुरा निवासी एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा को संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल की अनुशंषा व प्रभारी पकंज जोशी के अनुमोदन पर संगठन के जॉन प्रथम ने प्रदेश संगठन महामंत्री विधि प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया। लक्ष्मीकांत शर्मा को संगठन मे मिली जिम्मेदारी पर विप्र जनो ने शर्मा को बधाई दे प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारियो का जताया आभार।

चौथ माता की पूजा अर्चना की

दूदू। जिला मुख्यालय एवं आसपास के गांवों में करवा चौथ के दिन महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की जाकर सुहाग की रक्षा की कामना की इस अवसर पर महिलाओं द्वारा उपवास रखा जाकर घरों में चौथ माता की पूजा अर्चना कर ज्योत ली गई तथा कहानी सुनाने के बाद चंद्रमा को अर्ख दी जाकर खुशहाली की कामना की गई।

रामगढ़ में टिकट बंटते ही पूर्व प्रत्याशी आहूजा रूठे, की बगावत

अलवर। पूर्व भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा को टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने अपने समर्थकों के साथ आज मीटिंग कर आगामी रणनीति बनाने का फैसला लिया वही उनके समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने भी भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह को समर्थन देने से इंकार कर दिया।

भाजपा में ये बागवती सुर क्या गुल खिलाएंगे यह तो समय ही बताएगा लेकिन भाजपा के नेताओं का मानना है कि सब मैनेज कर लिया जाएगा। इस पर एक पुरानी फिल्म का गीत भी याद आता है कि रूठा है तो मना लेंगे, देके खिलौना बहला लेगे। वहीं ओड समाज को दरकिनार करने पर ओड नेता निर्मल सुरा ने निर्दलीय चुनाव लडने का मानस बनाते हुए घोषणा कर दी है कि जो पार्टी समाज को हमेशा दरकिनार करती आई है वही ओड समाज अपनी ताकत इस चुनाव में भाजपा को दिखाएगा।

भाजपा ने रामगढ़ से आजाद समाज पार्टी से चुनाव लड़े सुखवंत सिंह को टिकट दिया है। विधानसभा

- पांच मंडल अध्यक्षों ने दिया इस्तीफा

चुनाव में उनके द्वारा बहुत प्रोपगेंडा फैलाया गया, झूठ बोला गया। पार्टी के नेताओं को अपशब्द कहे गए, पार्टी के झंडे जलाए गए। पिछले 10-11 महीने के कार्यकाल में 24 घंटे लोगों के बीच रहा, उनके काम किए। हमारे पांच मंडल अध्यक्षों ने इस्तीफा दिया है। कई जनप्रतिनिधियों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है। महापंचायत में इनका जो निर्णय होगा वो सिर माथे होगा। मुझे या जिसको भी चुनाव लड़ाने के लिए कहेंगे, पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। बगड़ तिराहा मंडल अध्यक्ष मुकेश, बड़ौदा मेव मंडल अध्यक्ष बालकिशन जैन, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, बगड़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष जेपी भाई, गोविंद मंडल अध्यक्ष रवि सनातनी, नौगावां मंडल अध्यक्ष रमेश समेत अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों ने निर्णय लिया है कि पार्टी के जिलाध्यक्ष को इस्तीफा सौंपे जाएंगे।

कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा सदस्यता की शपथ

कोटपूतली। वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान मंच युवा मोर्चा कोटपूतली-बहरोड़ जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रविवार को निकटवर्ती बानसूर कस्बे के नारायणपुर रोड़ स्थित परशुराम भवन में मंच के प्रदेशाध्यक्ष एड. विजय भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एड. भारद्वाज ने कहा कि जिस संगठन का युवा कार्यकर्ता सक्रिय एवं मजबुत होता है वह संगठन भी मजबुत होता है। मंच का उद्धेश्य सशक्त भाजपा विजय भाजपा के संकल्प के साथ केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। आज भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कार्यकाल के प्रति राजस्थान की आम जनता निष्ठा का भाव रखती है। अध्यक्षता करते हुये मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश नईवाल ने युवाओं से एकजुट होकर संगठन को मजबुत बनाने की बात कही। संचालन करते हुये मंच के प्रदेश

- वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान मंच युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने मंच के माध्यम से ली भाजपा की सदस्यता

उपाध्यक्ष व सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश का युवा अपने आत्म सम्मान व रोजगार के लिये वसुंधरा राजे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की ओर देख रहा है।

भाजपा को मजबुत करने व सशक्त संगठन के लिये राजे भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बने इसके लिये युवा एकजुट होकर खड़ा है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार कटेरा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उसमान खान, उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद कायमखानी, डॉ. भगवान स्वरूप शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नेतराम धाकड़, बिन्दु कुरैशी, किरण जैन, हरिराम बैरवा, मुकेश नटवाल, ओमप्रकाश शर्मा, सिकंदर नटवाल, रचना शर्मा, सरदार गुरूमीत सिंह, श्याम सुन्दर सोनी आदि ने शिरकत की। सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रिंस शर्मा, प्रभारी जितेन्द्र शर्मा, प्रवीण यादव, राहुल यादव, मोहित कुमावत आदि को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में अपार जोश व उत्साह के साथ मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर पत्रकार लोकेश शर्मा समेत अन्य पत्रकारगणों का भी स्वागत किया गया।

राजेन्द्र गुर्जर को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

टोंक। भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान विधानसभा उपचुनाव 2024 में देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र गुर्जर को प्रत्याशी घोषित किया है। इस अवसर पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई और कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र गुर्जर को माला साफा पहनाकर वह मिठाई खिलाकर बधाई दी।

- पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की

इस अवसर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की और राजेंद्र गुर्जर को मिठाई खिलाकर उन्हें विजय श्री की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

राजेंद्र गुर्जर को माला पहनाकर बधाई दी।

इस दौरान भाजपा नेता बेनी प्रसाद जैन पूर्व जिला मंत्री, गणपत पहाड़िया, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री विकार खान, पूर्व पार्षद पारस जैन, मनोज काला, दुर्गेश गुप्ता, कैलाश सैनी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजेंद्र गुर्जर ने कहा के देवली'-उनियारा के सभी मतदाता डबल इंजन सरकार के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस चुनाव में देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक मतों से विजयी होगी।

11 स्वंय सेवकों ने शस्त्र पूजन कर निकाला पथ संचलन

केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया सहित शहरवासियो ने की पुष्पवर्षा।

मालपुरा, (निस) राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष मे प्रवेश पर आयोजित कार्यक्रमो की श्रंखला मे खंड मालपुरा की और से रविवार को मालपुरा मे शस्त्र पूजन कर संघघोष की स्वर लहरियो पर कदम ताल करते हुये निकाला गया पथ संचलन। केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित शहरवासियो ने जगह-जगह स्वागत द्वार बना संचलन पर की गई पुष्पवर्षा। संघ के मालपुरा खण्ड सम्पर्क प्रमुख नवलकिशोर काबरा ने बताया कि रविवार को प्रातः आठ बजे सीनियर सैकेण्डरी स्कुल मालपुरा के उत्सव मैदान पर स्वंय सेवको का एकत्रीकरण हुआ। ग्यारह सो से अधिक स्वंय सेवक पूर्ण गणवेश पहने विजयदशमी उत्सव मे शामिल हुये।

संघ के प्रान्त बोद्धिक प्रमुख दिनेश कुमार मणिरत्नम,संघ के विभाग संघ चालक माननीय रामकरण व खण्ड संघ चालक प्रहलाद शर्मा सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहै महावीर प्रसाद जैन सुराशाही ने कार्यक्रम स्थल पर भगवा ध्वज पहरा परम सम्मानीय गुरूजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर सनातन धर्म की रक्षा के प्रतीक शस्त्र पूजन किया। उत्सव प्रांगण पर डेढ दर्जन से अधिक वाहिनीयो मे एकत्रित हुये स्वंय सेवको को सम्बोधित करते हुये प्रान्त बोद्धिक प्रमुख दिनेश मणिरत्नम ने कहा कि हिन्दु जगा तो देश जगा संगठित हिन्दु ही करेगा हिन्दु राष्ट्र का निर्माण।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था

पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल पर बोले नीरज चोपड़ा

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

वीरेंद्र सहवाग

वीरेंद्र सहवाग के पिता ने क्रिकेट खेलने पर लगाया था बैन, आज 46वां जन्मदिन मना रहे मुल्तान के सुल्तान 20 अक्तूबर को भारत के लिए खेलने वाले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग अपना 46वां जन्मदिन मना रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग क्रिकेट की दुनिया में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। महज 12 साल की उम्र से ही वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकेट खेलना शुरूकर दिया था। लेकिन एक घटना के कारण इनके पिता ने सहवाग के क्रिकेट खेलने पर बैन लगा दिया था।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट में लगातार कैच आउट होने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान अगस्त 1982 से नवंबर 1986 तक लगातार 19 पारियों में कैच आउट हुए।

राजस्थान ने हिमाचल को 8 विकेट से हराया

जयपुर, 20 अक्टूबर। धर्मशाला में बीसीसीआई की प्रतिष्ठित सीनियर प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के राजस्थान - हिमाचल रणजी मैच के तीसरे दिन

राजस्थान ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सहायता से 8 विकेट से हराया।मैच के तीसरे दिन राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी व मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हिमाचल टीम को उसकी दूसरी पारी में 260 रनो के स्कोर पर आल आउट कर दिया।राजस्थान को मैच जितने के लिए मात्र 24 रनो की आवश्यकता थी जिसे राजस्थान ने 2 विकेट के नुकसान पर 26 रन बनाते हुए मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की।हिमाचल के विरुद दूसरी पारी गेंदबाज अनिकेत चौधरी 66 / 5 मानव सुथार 77 / 4, दीपक चाहर 35 / 1 विकेट प्राप्त किये।

अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी

राजस्थान - बंगाल मैच

राजस्थान के सचिन यादव , राज शर्मा, मुकुल चौधरी चमके

राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर में के एल सैनी स्टेडियम मानसरोवर पर शुरू हुए राजस्थान - बंगाल अंडर 23 सी के नायुडु ट्रॉफी (मल्टी डेज) मैच के पहले दिन राजस्थान के लिए सचिन यादव व राज शर्मा , मुकुल चौधरी ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेली , टीम के लिएसचिन यादव 76 , मुकुल चौधरी नाबाद 66 , राज शर्मा 50, करण लाम्बा 20, हिमान्शु नेहरा 20, सुमित गोदारा 14 रनो का योगदान दिया। राजस्थान पहली पारी 261/8

बीसीसीआई द्वारा मंगलापुरम, त्रिवेंद्रम में आयोजित की जा रही बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान - बिहार मैच में राजस्थान 5 रन से हारी।

राजस्थान - बिहार मैच का परिणाम :-

बिहार पारी 96 / 6, राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 20 / 2 व सुमन मीणा 17 / 1 विकेट प्राप्त किये।राजस्थान पारी 91 आल आउट, राजस्थान की बल्लेबाज सुमन मीणा 32 व बबिता मीणा 28 रनो का योगदान दिया।

सीएजी दिल्ली ने सीआरपीएफ दिल्ली को 2-1 से हराया

जालंधर, 20 अक्टूबर। 41वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के लीग राउंड में सीएजी दिल्ली ने रविवार को सीआरपीएफ दिल्ली को 2-1 के अंतर से हराकर तीन अंक हासिल किए। जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के दूसरे दिन के दूसरे मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक दिल्ली और इंडियन नेवी की टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। पार्ट डी के मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक दिल्ली को भारतीय नौसेना ने कड़ी टक्कर दी। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी. खेल के 47वें मिनट में इंडियन नेवी के आकिब रहीम ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया. खेल के 57वें मिनट में पंजाब एंड सिंध बैंक के सांता सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 1-1 कर दिया. मैच टाई होने पर दोनों टीमों को 1-1 अंक मिले. इसका 27 मिनट का खेल कल शाम खेला गया जबकि बाकी मैच आज खेला गया। पूल सी में सीएजी दिल्ली और सीआरपीएफ दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। खेल के 17वें मिनट में सीएजी दिल्ली के दीपक मलिक ने फील्ड गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। खेल के दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में सीआरपीएफ के शरणजीत सिंह ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

भारत ने ब्रिटेन को 6-4 से हराया

जोहोर बाहरू, 20 अक्टूबर। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में ठोट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर करके अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। भारत के लिए मोहम्मद कोनैन दाद ने (7वें मिनट), दिलराज सिंह ने (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद तिवारी ने (20वें, 50वें मिनट) और मनमीत सिंह ने (26वें मिनट) के गोल दागे। ब्रिटेन के लिए रोरी पेनरोज ने (दूसरे, 15वें), माइकल रॉयडेन ने (46वें, 59वें मिनट में) गोल किये। जापान के खिलाफ अपने पहले मैच में जीत से आत्मविश्वास से लबरेज युवा भारतीय टीम ने रविवार को शुरूआत में झटका लगा जब खेल के दूसरे मिनट में रोरी पेनरोज ने गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि पांच मिनट बाद सातवें मिनट में मोहम्मद कोनैन दाद के गोलकर स्कोर को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने 15वें मिनट में गोलकर फिर बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। दिलराज ने 17वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने शारदा नंद तिवारी को 20वें मिनट में पीसी से गोल करने में मदद की, जिससे भारत ने 3-2 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता, रेड आर्मी विजयी

हरिद्वार, 20 अक्टूबर । उत्तराखंड के हरिद्वार में चल रही राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर रेड आर्मी की टीम फाइनल में विजेता रही जबकि बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रेड आर्मी की टीम को एक लाख का पुरस्कार दिया गया जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम को 51000 का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हरिद्वार में राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिता होना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है और वह राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मिलकर उनसे सीखने हैं और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा भारत

न्यूजीलैंड ने टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हराया

बेंगलुरु, 20 अक्टूबर। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। टीम 36 साल के बाद कीवियों के खिलाफ अपने घर में हारी है। पिछली हार 1988 में वानखेड़े स्टेडियम में मिली थी।

भारतीय टीम ने कीवियों को जीत के लिए 107 रन का टारगेट दिया था, जिसे मेहमान टीम ने रविवार को 2 विकेट खोकर हासिल किया। विल यंग 45 और रचिन रवींद्र 39 रन बनाकर नाबाद लौटे। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 और इंडिया ने 46 रन बनाए थे। इस हार के बाद टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

आज सुबह के सत्र में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के टॉम लेथम (शून्य) और उसके बाद डेवन कॉन्वे (17) को आउट मैच में वापसी की उम्मीद जगाई थी। लेकिन उसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल यंग और रचिन रविंद्र ने धैर्यपूर्ण बल्लेजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। विल यंग (नाबाद 48) और रचिन रविंद्र (39) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 27.4 ओवर में दो विकेट पर

110 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में रचिन रविंद्र (134),डेवन कॉन्वे (91) और टिम साउदी (65) की शानदार पारियों के दम पर 402 रन का स्कोर खड़ाकर 356 रनों की बढ़त बना ली थी।

सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर

वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे।भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा। 25 साल के सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए।

न्यूजीलैंड ने पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्डकप जीता

साउथ अफ्रीका को फाइनल में 32 रन से हराया

दुबई , 20 अक्टूबर। न्यूजीलैंड ने पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फइनल में साउथ अफ्रीका को 32 रन से हराया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी।

एमेलिया केर (43) और ब्रूक हैलिडे (38) की शानदार पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गये महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 159 रनों का लक्ष्य दिया है।

कीवी टीम 14 साल बाद फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2009 और 2010 दोनों वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी लेकिन दोनों बार उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, साउथ अफ्रीका लगातार दूसरी बार फाइनल खेलेगी, 2023 में उसे ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जॉर्जिया पिलमर (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला।

आठवें ओवर में एन म्लाबा ने सूजी बेट्स (32) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। कप्तान सोफी डिवाइन (छह) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर ने 38 गेंदों में (43) और ब्रूक हैलिडे ने 28 गेंदों में (38) रनों की पारी खेली। मैडी ठाीन (12) और इसाबेला गेज (तीन) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिये। अयाबोंगा खाका, क्लोई ट्राइऑन और नडीन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड की पूर्व कप्तान सूजी बेट्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप फाइनल मुकाबले के लिए मैदान पर उतरने के साथ अपने खाते में एक और उपलब्धि हासिल कर ली। सूजी बेट्स महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक कैप्ड वाली खिलाड़ी बन गई हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

वेस्टइंडीज ने 234 का लक्ष्य पीछा करते हुए 38.3 ओवर में 4 विकेट पर 185 रन ही बना पाई। एकदिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका 1-0 से आगे।

जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वॉरियर्स को 39-34 के अंतर से हराया

हैदराबाद, 20 अक्टूबर। प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पांचवें मुकाबले में रविवार को जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वारियर्स को 39-34 के अंतर से हराया। रेड मशीन कहे जाने वाले अर्जुन देसवाल (15 अंक) जयपुर की जीत के हीरो रहे।

आज यहां गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में बंगाल के लिए नितिन धनखड़ (13 अंक) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मनिंदर सिंह ने 8 अंक बटोरे जबकि फजल अत्राचली ने हाई-5 लगाया। जयपुर के लिए देसवाल के अलावा अभिजीत मलिक (सात अंक) ने चमक बिखेरी।

शुरुआती 10 मिनट काफी रोमांचक रहा। देसवाल मैच की पहली ही रेड पर नितेश द्वारा लपक लिए गए। वह जल्द ही रिवाइव हुए लेकिन अगली ही रेड पर फिर लपक लिए गए। पांच मिनट के बाद बंगाल को 5-2 की बढ़त मिली हुई थी। नितेश की गलती पर देसवाल रिवाइव हुए और मैच की सूरत बदल दी। रिवाइवल के बाद लगातार तीन रेड में उन्होंने तीन अंक लेकर जयपुर को बढ़त दिला दी। फिर देसवाल ने बंगाल को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम देकर अपनी टीम को 12-9 की बढ़त दिला दी।

ब्रेक के बाद भी अर्जुन नहीं रुके। उन्होंने दो रेड में तीन अंक लेकर जयपुर को 15-10 से आगे कर दिया। नितिन धनखड़ ने हालांकि मैच के पहले सुपर रेड के साथ बंगाल की वापसी सुनिश्चित की। अब फासला 2 का रह गया था। अगली रेड पर अर्जुन ने फजल को बाहर कर दिया लेकिन अगली रेड पर मयूर ने उन्हें ढेर कर दिया। अगले कुछ पल जयपुर के लिए अहम रहे। डिफेंस ने मनिंदर को लपका तो वहीं रेजा मीरबघेरी ने दो अंक की रेड की। देसवाल रिवाइव हो चुके थे।

सीनियर पुरूष फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन हुए रोचक मुकाबले

जयपुर, 20 अक्टूबर। जयपुर के विद्याधरनगर फुटबॉल स्टेडियम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल सात मैच खेले गए राजस्थान के विभिन्न जिलों से आये खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।

राजस्थान फुटबॉल एशोसिएशन के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच अलवर और भरतपुर के बीच खेला गया जिसमें अलवर 1-0 से विजयी रहा। दूसरा मैच चूरू और जयपुर के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर 7-0 से विजयी रहा। तीसरा मैच राजस्थान पुलिस और उदयपुर के बीच खेला गया यह प्रतियोगिता का शानदार मैच हुआ एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में राजस्थान पुलिस 4-2 से विजयी रही। इस मैच में राजस्थान पुलिस के युवराज और उदयपुर के हिमेश ने शानदार खेल दिखाया। चौथा मैच राजसमंद और डूंगरपुर के मध्य हुआ जिसमें राजसमंद 6-1 से जीता। पांचवा मैच भी सवाई माधोपुर और झुंझुनूं के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें पेनल्टी शूटआउट में झुंझुनूं 4-3 से विजयी रहा। छठा मैच श्रीगंगानगर और टोंक के बीच हुआ इस एकतरफा मुकाबले में श्रीगंगानगर ने टोंक को 8-0 से हराया। आज के दिन का अंतिम मैच अजमेर और धौलपुर के बीच खेला गया जिसमें अजमेर 3-1 से विजयी रहा।

प्रतियोगिता के दौरान जोधपुर के दिनेश सिंह, झुंझुनूं के महेंद्र सिंह बिजरानियाँ, श्रीगंगानगर के मदन बेनीवाल, जालोर के हरिराम डारा, धौलपुर के गुरमीत मान, डूंगरपुर के रफीक सिंधी, कोटा की मधु विश्नोई, अजमेर के सुधीर जोशफ, रेफरी हैड मनोज जाट, टेक्निकल हैड सतीश जांगिड, प्रतियोगिता कॉर्डिनेटर अमर सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

कश्मीर मैराथन दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बनेगी: उमर

श्रीनगर, 20 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि कश्मीर मैराथन हर साल आयोजित की जाएगी और यह दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बन जाएगी।

अब्दुल्ला ने आज यहां संवाददाताओं से कहा,"मैं उन सभी एथलीटों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी दौड़ पूरी की।" उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में कश्मीर मैराथन दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बन जाएगी। उन्होंने ने कहा, "मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन पूरी कर पाऊंगा। मैंने अपने जीवन में अब तक 12 या 13 किलोमीटर दौड़ लगाई थी, लेकिन मुझे उन एथलीटों ने प्रोत्साहित किया, जिन्होंने साथ-साथ दौड़ लगाई।"

उन्होंने कहा,"मैं कश्मीर मैराथन के इतने अच्छे आयोजन के लिए पर्यटन विभाग और इससे जुड़े अधिकारियों को बधाई देता हूं।" मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं श्रीनगर के लोगों का शुक्रगुजार हूं कि वे धावकों का हौसला बढ़ाने के लिए आगे आए। मुझे उम्मीद है कि कश्मीर मैराथन दुनिया की शीर्ष प्रतियोगिताओं में से एक बनेगी।" उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि कश्मीर घाटी में हर साल मैराथन का आयोजन किया जाएगा और कश्मीर का नाम भी दुनिया के नामचीन एथलीटों के साथ जाना जाएगा।"

पलक शर्मा एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम की करेंगी अगुवाई

नयी दिल्ली 19 अक्टूबर। चीन के ग्वांग्झू में 21 अक्टूबर से शुरु होने वाली एशियन डाइविंग प्रतियोगिता में इंदौर की रहने वाली पलक शर्मा भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी

पलक शर्मा के पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने बताया कि आठ साल की उम्र से डाइविंग को पैशन बना चुकी पलक शर्मा ने अपने 9 साल के इस सफर में अब तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक जीत चुकी हैं। जिनमें से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 29 स्वर्ण , आठ रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

जोशुआ और एलेमाडिस ने जीता वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का खिताब

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर। यूगांडा के धावक जोशुआ चेप्टेगी और इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने रविवार वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 19वें संस्करण में पुरुष वर्ग तथा महिला वर्ग का खिताब जीता हैं। आज यहां आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी ने 59.46 सेकंड का समय के साथ जीत दर्ज की। वहीं एलेमाडिसा इयायु ने एक घंटे आठ मिनट और 17 सेकंड का समय के साथ महिला वर्ग का खिताब जीता। पुरुष वर्ग में केन्या के एलेक्स माटाटा 59 मिनट 53 सेंकेंड के साथ दूसरे और उनके हमवनत निकोलस किपकोरिर 59 मिनट 59 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में केन्या की सिंथिया लिमो एक घंटा आठ मिनट 27 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इथियोपिया की तिरुये मेसफिन ने एक घंटे नौ मिनट 42 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के सावन बरवाल ने एक घंटा दो मिनट और 46 सेकंड के साथ पुरुष वर्ग और लिली दास ने एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड के साथ महिला वर्ग के खिताब जीते।

लक्ष्य देव रहे गोल्फ कप के ग्रॉस विनर

स्व. जस्टिस अंशुमान सिंह मेमोरियल गोल्फ कप

जयपुर, 20 अक्टूबर। स्वर्गीय जस्टिस अंशुमान सिंह मेमोरियल गोल्फ कप टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर जयपुर के हिज हाईनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह मुख्य अतिथि रहे। समारोह में अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप विजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। लक्ष्य देव टूर्नामेंट के ठॉस विनर रहे। वहीं अनस शम्सी ठॉस रनर-अप और दीप करण ठक्कर ठॉस द्वितीय रनर-अप रहे। एल्डेस्ट गोल्फर श्रेणी में जसवंत सिंह विजेता रहे, वहीं यंगेस्ट गोल्फर का खिताब नैतिक चौहान ने जीता। टूर्नामेंट 18 होल स्टेबल फोर्ड (3/4 हैंडीकैप) (अधिकतम हैंडीकैप 24) फॉर्मेट में खेला गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित 160 से अधिक गोल्फर्स ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन, शिरीष सचेती; टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य महाराज नरेंद्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह, जयदीप सिंह बीका, निधिश्वर सिंह बीका, दो अंतर्राष्ट्रीय गोल्फर्स टॉम सोलुरी और माइकल सोलुरी के साथ ही क्लब के मानद सचिव, हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कनवीनर, शरद अठावाल सहित

अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट की अन्य श्रेणियों में विजेता और उप विजेताओं के नाम कुछ इस प्रकार हैं - हैंडीकैप श्रेणी (00-09) में पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ विजेता, कर्नल राकेश कुमार लांबा उप विजेता और समृद्ध शर्मा द्वितीय उप विजेता रहे। हैंडीकैप श्रेणी (10-18) में दिव्यराज सिंह विजेता, हैदर अली उप विजेता और मेजर जनरल संदीप बहल द्वितीय उप विजेता रहे। इसी प्रकार, हैंडीकैप श्रेणी (19-24) में भूपेश भाटिया विजेता, शाश्वत कुलश्रेष्ठ उप विजेता और द्वितीय उप विजेता - आदित्य के माथुर थे।

वेटरन गोल्फर श्रेणी में ठॉस विनर इनाम शम्सी और नेट विनर देवराज सिंह खंगारोत रहे। वहीं सीनियर वेटरन गोल्फर श्रेणी में दर्शन सिंह ठॉस विनर और राजन सांघी नेट विनर थे। लेडी गोल्फर श्रेणी की ठॉस विजेता सारा चौधरी और लेडी गोल्फर श्रेणी की नेट विजेता डायना कौशिक रहीं। साथ ही, बेस्ट जूनियर गोल्फर (अंडर-19) के ठॉस विनर कुणाल सिंह-जे और नेट विनर- देवव्रत सिंह थे। इसी प्रकार, बेस्ट जूनियर गर्ल (अंडर-19) श्रेणी की ठॉस विनर शिक्षा जैन और नेट विनर का खिताब वृंदा सैनी को मिला। इसके अतिरिक्त, अन्य श्रेणियां इस प्रकार से थीं- नियरेस्ट टू पिन श्रेणी में राजकुमार नैन; स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार माइक सोलुरी और स्ट्रेट ड्राइव - वेटरन का खिताब ठ्राप कैप्टन आर एस राघव ने जीता। इसी तरह, लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता रजत करवासरा; लॉन्गेस्ट ड्राइव- वेटरन के विजेता अमी लाल मीणा रहे।

कैरेसिल पोलो ने टीम जयपुर को हराकर जीता कप

शमशीर अली ने शानदार हैट्रिक के साथ 5 गोल किये

जयपुर, 20 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीज़न के अंतर्गत आरपीसी पोलो ठाउंड पर राव राजा हनुत सिंह कप (08 गोल) का फाइनल मैच जयपुर पोलो टीम ओर कैरेसिल पोलो टीम के बीच आज शाम 4 बजे खेला गया जिसमे कैरेसिल पोलो ने जयपुर को 7-6 से हरा राव राजा हनुत सिंह कप खिताब जीत लिया। इस अवसर पर कमांडेंट,61 कैवेलरी, कर्नल वी.एस. कहलों मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

कैरेसिल पोलो की ओर से शमशीर अली ने शानदार हैट्रिक के साथ 5 गोल कर राव राजा हनुत सिंह कप का खिताब अपनी टीम की झोली में डाल लिया। शमशेर अली ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। जयपुर टीम की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह और वाट्सन ने कैरिसिल टीम पर गोल करके दबाव बनाए रखा।

कैरेसिल पोलो टीम की ओर से खेलते हुए टीम के खिलाड़ी शमशीर अली ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चौथे चक्कर में तीन गोल के साथ हैट्रिक लगाई, साथी खिलाड़ी डेनियल ओटामेंडी ने पहले व चौथे चक्कर में दो गोल किए। मुकाबले में जयपुर पोलो टीम की ओर से पहले चक्कर मे सिमरन शेरगिल 1, तीसरे चक्कर मे वाटसन ने 3 गोल ओर दूसरे चक्कर मे महाराज पदमनाभ सिंह ने 2 गोल किये।

महिला के पेट से 12 साल बाद कैंची निकाली

गंगटोक, 20 अक्टूबर। सिक्किम की एक 45 साल की महिला के पेट से 12 साल पहले छोड़ी गई कैंची को निकाला गया है। उसके पति ने बताया कि महिला ने 2012 में सिक्किम की राजधानी गंगटोक में सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल अस्पताल में एपेंडिक्स की एक सर्जरी कराई थी।

- **महिला का 2012 में अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था। बारह सल पेट दर्द से परेशान रहने के बाद एक्स-रे से मालूम पड़ा कि पेट में सर्जिकल कैंची है, जो 2012 में ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से छोड़ी गई थी।**

इसके बाद महिला का एपेंडिक्स का दर्द खत्म हो गया था।

लेकिन, कुछ दिनों बाद उन्हें फिर से पेट में दर्द होने लगा। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी दर्द बंद नहीं हुआ। वह 12 साल तक इस परेशानी से जूझती रही। 8 अक्टूबर 2024 फिर से महिला को उसी अस्पताल में गए, जहां एक्स-रे के दौरान पता चला कि पत्नी के पेट में सर्जिकल कैंची है, जो 2012 में हुए ऑपरेशन के दौरान छूट गई थी।

पति ने बताया कि एक्सरे जांच के बाद फिर से पत्नी की सर्जरी हुई, जिसमें कैंची को निकाला गया। उनकी हालात अब स्थिर है।

आर.जे.डी. ने बिहार उपचुनाव के प्रत्याशी घोषित किये

- **उपचुनाव की चार सीटों में से तीन पर आर.जे.डी. तथा एक पर भाकपा (माले) के उम्मीदवार लड़ेंगे।**

पटना, 20 अक्टूबर। बिहार में उपचुनाव का बिगुल बज चुका है। यहां चार सीटों पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव से पहले आर.जे.डी. और भाकपा (माले) की ओर से एक लिस्ट जारी की गई है, जिसमें चार प्रत्याशियों के नाम हैं। इनमें से तीन प्रत्याशी आर.जे.डी. के और एक प्रत्याशी भाकपा (माले) का हैं।

ये सीट इंडिया गठबंधन की ओर से जारी की गई है। इन चार में से तीन सीटें विधायकों के सांसद बनने के बाद खाली हुई थीं। ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, आर.जे.डी. के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और भाकपा (माले), भाकपा और माकपा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चारों प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया।

इंडिया गठबंधन की ओर से जारी की गई लिस्ट में आर.जे.डी. तीन सीटों, रामगढ़ , बेलागंज और इमामगंज से और भाकपा (माले) एक सीट, तरारी से चुनाव लड़ेगी।

बता दें कि रामगढ़ सीट से जगदानंद सिंह के बेटे तथा सुधाकर सिंह के भाई अजित सिंह को राजद ने प्रत्याशी बनाया है। सुधाकर सिंह के बक्सर से सांसद बनने के बाद रामगढ़ सीट खाली हुई थी। बेलागंज से राजद के प्रत्याशी विश्वनाथ कुमार सिंह चुनाव लड़ेंगे।

इस सीट से उनके पिता सुरेन्द्र प्रसाद यादव चुनाव लड़ते थे, जो अब जहानाबाद से सांसद हैं। इमामगंज से आर.जे.डी. ने गया जिला परिषद के पूर्व सदस्य रोशन मांझी को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा लिस्ट में चौथा नाम तरारी सीट से भाकपा (माले) के नेता राजू यादव का है। राजू यादव ने 2019 में आरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि उस समय वे हार गए थे। तरारी से विधायक रहे सुदामा प्रसाद आरा से सांसद बन गए हैं, जिसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

मोदी ने वाराणसी में 6,700 करोड़ रूपए की परियोजनायें शुरु कीं

वाराणसी, 20 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रदेश और देश को 6700 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देते हुए कहा कि आज काशी में एक ओर जहां तेजी से विकास हो रहा है वहीं दूसरी ओर विरासत को भी संरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते काशी को विकास से वंचित रखने का भी आरोप लगाया। सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन का शुभारंभ प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में किया और इसके बाद उपस्थित विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आज काशी को लगभग हर सेक्टर से जुड़े प्रोजेक्ट मिल रहे हैं जिनकी मदद से न केवल लोगों को सुविधाएं मिलेंगी बल्कि यहां युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी मिलेंगे।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

- **उदयपुरवासी भागवत सिंह को, शूटरों को हथियार देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।**

मुंबई, 20 अक्टूबर। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस हत्याकांड में ये 10वीं गिरफ्तारी है। आरोपी की पहचान भागवत सिंह के रूप में हुई है और वह 32 साल का है। भागवत की गिरफ्तारी नवी मुंबई के बेलापुर से हुई है। वह राजस्थान के उदयपुर का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, भागवत सिंह हमले के दिन तक मुंबई के बीकेसी इलाके में रह रहा था। जांच के दौरान सामने आया कि भागवत सिंह ने ही शूटरों को हथियार उपलब्ध कराए थे।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया है, जहां से उसे 26 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बाबा सिद्दीकी महाराष्ट्र की सियासत में एक चर्चित चेहरा थे। वह इसी साल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी (अजित गुट) में शामिल हुए थे। उन्हें भव्य इफ्तार पार्टियां करने के लिए जाना जाता था, जिसमें सलमान खान, शाहरुख खान जैसे बॉलीवुड के नामचीन सितारे शामिल होते थे। वह 48 सालों तक कांग्रेस में रहे थे और बांद्रा पश्चिम से तीन बार विधायक भी रहे। वह महाराष्ट्र में राज्य मंत्री भी रह चुके थे।

ईरान ने मेरी हत्या की कोशिश कर बड़ी गलती की-नेतन्याहू

यरूशलम, 20 अक्टूबर। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के एजेंट ने उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश करके एक बड़ी गलती की है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, ईरान के एजेंट जिन्होंने आज मेरी और मेरी पत्नी की हत्या करने की कोशिश की, उन्होंने एक बड़ी गलती की है। उन्होंने लेबनान से ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसका लक्ष्य उत्तरी शहर कैसरिया में उनके निजी आवास को निशाना बनाना था।

बाद में ड्रोन ने शहर के एक अन्य घर को निशाना बनाया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने निजी आवास में नहीं थे। नेतन्याहू ने बयान में कहा, यह मुझे और इज़रायल को पीढ़ि यों तक हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने से नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा, मैं ईरानियों और उनके सहयोगियों से कहता हूं कि जो कोई भी इज़रायल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

- **इज़रायल के प्रधानमंत्री ने कहा कि जो भी इज़रायल के नागरिकों को नुकसान पहुँचायेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।**

रविवार को 20 विमानों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिपोर्ट मांगी है। सी.आई.एफ.ए., एन.आई.ए. और आई.बी.को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

केंद्र ने शनिवार को डी.जी.सी.ए. चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, शनिवार को एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यूरिटी के अफसरों से मुलाकात की।

ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है। विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है।

इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है।

लेबनान में इज़रायली हमलों से अब तक 2448 मरे

बेरूत, 20 अक्टूबर। इज़रायल-हिजबुल्लाह संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,448 तक पहुंच गई है, जबकि 11,471 लोग घायल हुए हैं। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

लेबनानी मंत्रिपरिषद में आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इज़रायली हवाई हमलों में 30 लोग मारे गए और 135 अन्य घायल हो गए। इस बीच विभिन्न क्षेत्रों में 82 हवाई हमले और गोलाबारी दर्ज की गईं, जिनमें से ज्यादातर दक्षिणी लेबनान में केंद्रित थीं, जिससे इज़रायली "आक्रामकता" की शुरुआत के बाद से हमलों की कुल संख्या 10,415 हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, विस्थापित व्यक्तियों को समायोजित करने और प्राप्त करने के लिए 1,094 मान्यता प्राप्त आश्रय स्थल खोले गए हैं।

जम्मू-कश्मीर आतंकियों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और हमलावरों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

इससे पहले 16 अक्टूबर को शोपियां में आतंकियों ने एक गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। राजौरी में आतंकियों ने एक घर पर फायरिंग की। इसमें 40 साल के मोहम्मद रज्जाक की मौत हो गई। वे कुंडा टोपे शाहदरा शरीफ के रहने वाले थे। अप्रैल में टारगेट किलिंग की यह तीसरी वारदात थी।

रज्जाक के भाई सेना में जवान हैं। 19 साल पहले आतंकियों ने इसी गांव में रज्जाक के पिता मोहम्मद अकबर की हत्या कर दी थी। वे वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करते थे। रज्जाक को पिता के बाद उनकी नौकरी मिली थी।

क्या बड़े घर बेटी ब्याहने का नुकसान उठा रही है ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मार्च 2020 को राजस्थान सरकार ने 71 भंडारगृहों पर 10 वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त संचालन व व्यवस्था का ठेका श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कंपनी को दिया था। इनमें से 48 भंडार गृह वर्तमान में श्री शुभम लॉजिस्टिक के पास तथा शेष 23 भंडार गृहों का संचालन की जिम्मेदारी ऑरिगो कंपनी के पास है। सरकार ने 10 वर्ष का यह ठेका जब इन दोनों कंपनियों को दिया था, तब निविदा में शर्त रखी गई थी कि दोनों कंपनियां गोदामों में रखी जाने वाली कृषि उपज का बीमा भी दस वर्ष के लिए ही करवायेंगी, क्योंकि इन 71 भंडार गृहों में करीब 85 हजार मेट्रिक टन तक कृषि उपज राज्य सरकार द्वारा रखी जाती है।

इससे पहले भी दोनों कंपनियों ने कई बार करोडों रु. की कृषि उपज को बीमा करवाये बिना भगवान भरोसे गोदामों में छोड़ा है। वर्तमान में श्री शुभम लॉजिस्टिक के 48 गोदामों में 2790 करोड़ की कृषि उपज रखी हुई है। इस कंपनी ने भी 25 अप्रैल से 12 जून 2024 तक करीब 49 दिन तक यह स्टॉक बिना बीमा करवाये रखा। इसके बाद जब जून माह में कंपनी ने इंश्योरेंस रिन्यू कराया तो उसे भी गलत श्रेणी में ले लिया।

इसके अलावा बड़ा तथ्य सामने आया है कि, ऑरिगो व श्री शुभम लॉजिस्टिक कंपनी को अलग-अलग श्रेणियों में 10 वर्ष की बैंक गारंटी जमा करवानी थी, लेकिन इन कंपनियों ने 10 वर्ष के बजाय 2-4 वर्षों के लिए अलग-अलग राशि की बैंक गारंटी दी, वर्ष 2025 तक खत्म होने वाली हैं। जानकारी के मुताबिक ऑरिगो कंपनी को 5 करोड़ 85 लाख रु. तथा श्री शुभम लॉजिस्टिक को 16 करोड़ 28 लाख रु. बैंक गारंटी जमा करवानी थी।

निविदा शर्तों के मुताबिक कम्पनी को सरकारी गोदामों में कुल क्षमता का 70 प्रतिशत माल रखना जरूरी था, परंतु शुभम लॉजिस्टिक ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक 41.64 प्रतिशत तथा अप्रैल 2023-मार्च 2024 तक कुल क्षमता का मात्र 32.76 प्रतिशत ही स्टॉक रखा, जबकि खुद के प्राइवेट गोदाम कृषि उपज से भर लिए।

इससे भंडारण निगम को करीब 130 करोड रु. कम आय हुई। वहीं ऑरिगो के मामले में इसी अवधि के दौरान यह आंकड़ा क्रमशः 11.78 व 16.34 प्रतिशत ही रहा। इससे भंडारण निगम को 12.94 करोड़ रु. आय कम प्राप्त हुई। इसके अलावा स्टॉक की गुणवत्ता व मात्रा बरकरार रखने के मामले में भी यह कंपनियां फेल साबित हुई, इससे विभाग को कुल 21 करोड़ का नुकसान झेलना पड़ा। इसी तरह दोनों कंपनियों को कृषि उपज की कीटनाशक स्प्रे के बदले 2.50 करोड़ रु. देने थे, जो नहीं दिये। अब यह राशि भंडारण निगम, इन कंपनियों के भुगतान में से काटेगा।

उल्लेखनीय है कि श्री शुभम लॉजिस्टिक और ऑरिगो द्वारा किए गए शर्तों के उल्लंघन पर भंडारण निगम ने इनसे क्रमशः 206.31 करोड़ व 36.34 करोड़ रु. क्षतिपूर्ति 18 प्रतिशत जी.एस.टी. के साथ वसूलने का दावा किया हुआ है, जो कि आर्बिट्रेशन में लंबित है। वहीं दूसरी ओर दोनों कंपनियां भी भंडारण निगम से करीब 75 करोड़ रु. की मांग कर रही हैं।

जहाँगीरपुरी में ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तरफ से फायरिंग शुरू कर दी गई। दोनों पक्षों के विवाद में करीब 10 राउंड फायरिंग की गई। जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसे चार गोलियां लगी हैं। पुलिस ने इस घटना में दो लोगों को पकड़ लिया है।

घटना जहांगीरपुरी के डी-ब्लॉक की बताई जा रही है। जांच में पता लगा कि दीपक और उसका भाई कुछ अन्य साथियों के साथ 900 वाली गली पार्क के पास खड़े थे। इसी दौरान नरेंद्र और सूरज वहां आए और दोनों पार्टियों में किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई। थोड़ी देर हुई बहसबाजी के बाद दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। फायरिंग में एक दीपक की गर्दन पर, दोनों पैरों पर और पीठ पर गोलियां लगीं। इस दौरान नरेंद्र की पीठ पर और सूरज के पैरों में गोली लगी।

भाजपा ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा में आकर राज्यसभा सांसद बनने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की पुत्री जया अशोक चव्हाण भी शामिल हैं, जिन्हें भोकर से टिकट दिया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908